**Class - 4**

***SAMPLE NOTEBOOK***

**TERM – 2 JANUARY**

## पाठ-15

## शिवाजी का न्याय

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) गर्व - गौरव

(ख) आहुति - बलिदान

(ग) संदेह - शक

(घ) ध्वज - झंडा

**वाक्य रचना :-**

मुझे अपने देश पर गर्व है|

निया को निशा पर संदेह है|

1 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) शिवाजी के अनुसार सच्चा वीर कौन है?**

उत्तर शिवाजी के अनुसार सच्चा वीर वही है जो युद्ध के समय किसी धार्मिक स्थल को कोई हानि ना पहुँचाए| बच्चों, बूढ़ों, महिलाओं, और दिव्यांगों पर तलवार ना उठाए और धार्मिक पुस्तकों को भी सुरक्षित रखे|

**(ख) शिवाजी ने युद्ध से मिले धन का क्या किया?**

उत्तर शिवाजी ने युद्ध से मिले धन का कुछ भाग वीर सैनिकों को तथा जिन सैनिकों ने युद्ध में वीरगति पाई थी उनके परिवारों को देने एवं कुछ शेष भाग को कोष में जमा करवाने का आदेश दिया|

**(ग) शिवाजी पराई स्त्री को किसके समान मानते थे?**

उत्तर शिवाजी पराई स्त्री को माँ और बहन के समान मानते थे|

**(घ) शिवाजी ने शहज़ादी के साथ कैसा व्यवहार किया?**

उत्तर शिवाजी ने शहज़ादी को यह विश्वास दिलाया कि वह यहाँ पूरी तरह सुरक्षित है एवं उनसे क्षमा भी माँगी| सूबेदार की पुत्रवधू को अपनी पुत्रवधू के समान माना तथा उसे पूरे सम्मान एवं आदर के साथ उसके घर पहुँचाने का आदेश दिया|

**(ड) शिवाजी ने सोमदेव को क्या दंड दिया?**

उत्तर शिवाजी ने सोमदेव को दंड दिया कि उन्हें सूबेदार साहब की पुत्रवधू को पूरे सम्मान एवं आदर के साथ उनके घर तक पहुँचाना होगा|

**2 सही वाक्य पर ✓ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ -**

(क) युद्ध में शिवाजी विजयी रहे| **(✓)**

(ख) युद्ध में शिवाजी के आदेशों का पूरी तरह पालन हुआ| **(×)**

(ग) पालकी में कल्याण के सूबेदार की पुत्रवधू थी| **(✓)**

(घ) शिवाजी की बात सुनकर शहज़ादी की आँखें क्रोध से लाल हो गईं| **(×)**

(ड) शहज़ादी ने शिवाजी से क्षमा-याचना की| **(×)**

**3 सही उत्तर पर ✓ लगाओ -**

(क) शिवाजी की माँ कौन थी?
जीजाबाई

(ख) शिवाजी ने किस किले पर अधिकार किया?
कल्याण का किला

(ग) शहज़ादी किसकी पुत्रवधू थी?
मुल्ला अहमद की

(घ) शिवाजी का सेनापति कौन था?
सोमदेव

4. **सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो-**

(क) हमें अपने सेनापति की **<u>वीरता</u>** पर पूरा विश्वास है|

(ख) युद्ध में अनेक वीरों ने अपने प्राणों की **<u>आहुति</u>** दी|

(ग) हमने किसी **<u>धार्मिक</u>** स्थल को हानि नहीं पहुँचाई|

(घ) मैं नहीं जानती थी कि इतने **<u>महान</u>** हैं|

***<u>भाषा की बात</u>***

**निम्नलिखित वाक्यों में से कारक छाँटकर लिखिए-**

(क) हमें अपने वीरों पर गर्व है| **पर**

(ख) शत्रु के सैनिक भी वीरता से लड़े| **के, से**

(ग) कल्याण का खज़ाना आपके लिए है| **का**

(घ) सैनिकों ने युद्ध में वीरगति पाई | **ने, में**

2 **नीचे कुछ शब्द लिखे हैं, जिनको सही क्रम में लगाएँ तो वाक्य बन जाए-**

(क) हमारी हुई विजयी सेना | हमारी सेना विजयी हुई|

(ख) सबकी है आप जीत यह | यह जीत आप सबकी है|

(ग) में है क्या पालकी इस? इस पालकी में क्या है?

## <u>पाठ-16</u>

## समस्या का हल

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

**शब्द - अर्थ**

(क) शास्त्र - ग्रंथ

(ख) अक्ल - बुद्धि

(ग) अनुमति - आज्ञा

(घ) ज्ञानी - विद्वान

**वाक्य रचना :-**

मुझे जाने की **अनुमति** दीजिए|

हमें हमारे **शास्त्र** पढ़ने चाहिए|

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) ब्राह्मण राजा के महल में क्या कर रहा था?**

उत्तर ब्राह्मण राजा के महल में पुराण का वाचन कर रहा था|

**(ख) राजा का प्रश्न सुनकर ब्राह्मण क्यों भाग गया?**

उत्तर राजा का प्रश्न सुनकर ब्राह्मण इसलिए भाग गया क्योंकि प्रश्न का उत्तर न देने पर न मालूम राजा क्या कर बैठे|

**(ग) लड़के को देखकर राजा को क्या संदेह हुआ?**

उत्तर लड़के को देखकर राजा को संदेह हुआ कि वह उसके सवाल का जवाब नहीं दे पाएगा|

**(घ) लड़का राजा के दर्शन क्यों करना चाहता था?**

उत्तर लड़का राजा की समस्या का हल ढूँढकर लाया था इसलिए वह राजा के दर्शन करना चाहता था|

**(ङ) राजा ने लड़के का सम्मान कैसे किया?**

उत्तर राजा ने लड़के को कश्मीरी शाल और नकद राशि पुरस्कार स्वरूप देकर उसका सम्मान किया |

2 **सही वाक्य पर ✓ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

(क) राजा आदमी तो अच्छा था, लेकिन उसकी अक्ल मोटी थी| **(✓)**

(ख) ब्राह्मण ने राजा की शंका का समाधान कर दिया| **(×)**

(ग) लड़का पुराण सुनाने वाले पंडित का पुत्र था| **(✓)**

(घ) राजा ने लड़के को पुरस्कार दिया| **(✓)**

(ङ) लड़का राजा के प्रश्न का उत्तर न दे सका| **(×)**

**3 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो :-**

(क) राजा का सवाल सुनकर ब्राहमण **चकित** रह गया|

(ख) लड़के को देखकर राजा को **संदेह** हो गया|

(ग) तुम अपने पिता से भी बड़े **ज्ञानी** हो|

(घ) मेरी इस **शंका** को कृपया दूर कीजिए|

(ङ) माँ ने चक्की के ऊपर का **पाट** उठाकर दिखाया|

**4 सही उत्तर पर ✓ लगाओ -**

(क) ब्राहमण ने किसका वाचन किया?
पुराण का

(ख) राजा की समस्या का समाधान किसने किया?
बालक ने

(ग) राजा ने लड़के को क्या दिया?
पुरस्कार

(घ) लड़के को देखकर राजा को क्या हुआ?
संदेह

(ङ) राजा की अक्ल कैसी थी?
मोटी

## भाषा की बात

**1 नीचे लिखे शब्दों के पर्यायवाची लिखो-**

आकाश - आसमान, अंबर

माँ - जननी, माता

पिता - तात, जनक

पुत्र - बेटा, सुत

**2 वाक्य बदलकर लिखो -**

(क) यह देखकर ब्राह्मण चकित रह गया | यह देखकर ब्राह्मिन चकित रह गई|

(ख) उसके पास एक लड़का था | उसके पास एक लड़की थी|

(ग) आप बहुत बुद्धिमान हैं| आप बहुत बुद्धिमती हैं|

(घ) तुम अपने पिता से भी बड़े ज्ञानी हो| तुम अपनी माता से भी बड़े ज्ञानी हो|

## व्याकरण

## <u>अशुद्धि - शोधन</u>

**1 निम्नलिखित शब्दों की सही वर्तनी के सामने सही (✓) का निशान लगाइए -**

परीक्षा

बीमारी

झूठा

क्योंकि

आशीर्वाद

2 **निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए -**

| ***अशुद्ध*** | | ***शुद्ध*** |
|---|---|---|
| अतिथी | - | अतिथि |
| श्रीमति | - | श्रीमती |
| परिच्छा | - | परीक्षा |
| कृप्या | - | कृपया |
| चाहीए | - | चाहिए |
| प्रंतु | - | परंतु |
| पुरूष | - | पुरुष |
| रिशी | - | ऋषि |

ग्यान - ज्ञान
मिठाईयाँ - मिठाइयाँ

## क्रियात्मक कार्य

## औपचारिक पत्र

**प्रधानाचार्य को पुस्तकालय में हिंदी पत्रिका मँगवाने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए -**

बी/34 आश्रय सोसायटी

सरगासन रोड

गाँधीनगर, गुजरात

सेवा में,

प्रधानाचार्य

दिल्ली पब्लिक स्कूल, गांधीनगर

गाँधीनगर , गुजरात

दिनांक : 10 जनवरी 2021

विषय :- पुस्तकालय में हिंदी पत्रिका मँगवाने के लिए प्रार्थना पत्र |

माननीय महोदय

सविनय निवेदन है कि मैं श्रेय शाह कक्षा 4 ‘अ’ का छात्र हूँ| मुझे हिंदी की पुस्तकें पढ़ना काफ़ी अच्छा लगता है पर दुःख की बात यह है कि हमारे विद्यालय के पुस्तकालय में सिर्फ़ अंग्रेज़ी की ही पत्रिकाएँ आती हैं| अत: आपसे निवेदन है कि पुस्तकालय महोदया से कहकर अगले माह से हिंदी की मासिक

पत्रिका मँगवाने की कृपा करें|

इस कार्य के लिए मैं सदैव आपका आभारी रहूँगा|

धन्यवाद

आपका आज्ञाकारी शिष्य
श्रेय शाह
कक्षा -4 ‘अ’

**अभ्यास हेतु :-**
**अपने प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति के लिए एक आवेदन-पत्र लिखिए|**

## *Class - 4 SAMPLE NOTEBOOK*

**TERM -2 DECEMBER**

## पाठ-14

## मकड़ी का एहसान

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) गायब - छुपा हुआ

(ख) एहसान - उपकार

(ग) रहस्य - गुप्त भेद

(घ) दृश्य - नज़ारा

**वाक्य रचना :-**

**गायब** - पुलिस को देखते ही चोर **गायब** हो गया|

**रहस्य** - इस किले का **रहस्य** किसी को भी नहीं पता|

1 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) मकड़ी ने ताओ के समक्ष सिर क्यों झुकाया?**

उत्तर मकड़ी ने साँप से अपनी जान की रक्षा के लिए धन्यवाद देते हुए ताओ के समक्ष सिर झुकाया|

**(ख) मकड़ी ने एहसान का बदला कैसे चुकाया?**

उत्तर मकड़ी ने ताओ के यहाँ कपड़े बुनने का काम करके अपने एहसान का बदला चुकाया|

**(ग) ताओ क्या देखकर आश्चर्यचकित रह गया?**

उत्तर ताओ यह देखकर आश्चर्यचकित रह गया कि ओशीन ने कई गज़ लंबे कपड़े के आठ टुकड़े बुने यह आठों टुकड़े इतने बड़े थे कि उससे आठ 'कीमोनों' तैयार हो सकते हैं|

**(घ) सूर्य देवता ने मकड़ी को क्यों बचाया?**

उत्तर सूर्य देवता यह जानते थे कि उस मकड़ी ने ताओ की बहुत सेवा की है इसलिए सूर्य देवता ने मकड़ी को बचाया|

**(ड) मकड़ी तेज़ी से क्यों नहीं भाग पा रही थी?**

उत्तर मकड़ी ने ढेर सारी रुई खा रखी थी इसलिए वह तेज़ नहीं भाग पा रही थी|

2 **सही वाक्य पर ✓तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

(क) युवक ताओ को मकड़ी पर दया आ गई| (✓)
(ख) मकड़ी एहसान का बदला चुकाना चाहती थी| (✓)
(ग) मकड़ी रुई के गट्ठर में घुस गई | (×)
(घ) साँप ने अपना रूप बदल लिया और रुई खाने लगा| (×)
(ड) चीन के लोग मकड़ी तथा बादल को 'कोमो' कहते हैं| (✓)

**3 सही उत्तर पर ✓ लगाओ -**

(क) ओशीन वास्तव में क्या थी?
उत्तर मकड़ी
(ख) ताओ नामक किसान कहाँ का रहने वाला था?
उत्तर चीन का
(ग) ताओ ने मकड़ी को किससे बचाया?
उत्तर साँप से
(घ) चीन में बादल और मकड़ी को किस नाम से पुकाराते हैं?
उत्तर कोमो
(ड) मकड़ी किसके एहसान का बदला चुकाना चाहती थी?
उत्तर ताओ के
(च) मकड़ी की रक्षा के लिए आकाश से कौन आया?
उत्तर सूर्य देवता

**4 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करो -**

(क) ताओ कमरे में गया तो **आश्चर्यचकित** रह गया|
(ख) **सूर्य देवता** को मकड़ी पर दया आ गई|
(ग) मकड़ी सूर्य देवता की **एहसानमंद** थी|
(घ) मकड़ी ने बहुत सारी **रुई** खा रखी थी|
(ड) कमरे में **लड़की** की जगह पर बहुत बड़ी मकड़ी थी|

**भाषा की बात**

**1 निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़ो और बताओ कि जिन शब्दों के नीचे रेखा है-वे शब्द किसके लिए इस्तेमाल हुए हैं -**

(क) उसकी नज़र एक साँप पर पड़ी|
ताओ

(ख) <u>मुझे</u> इस बात का पता है कि <u>आपको</u> कपड़ा बुनने के लिए एक व्यक्ति की आवश्यकता है|
ओशीन, ताओ

(ग) <u>आपको</u> इस बात का सवाल <u>मुझसे</u> नहीं पूछना चाहिए|
ताओ , ओशीन

(घ) जैसे ही <u>वह</u> कमरे में गई, अपना रूप बदल लिया|
ओशीन

**जिन शब्दों के नीचे रेखा खिंची हुई हैं, वे शब्द संज्ञा शब्दों की जगह इस्तेमाल हुए हैं| ऐसे शब्दों को 'सर्वनाम' कहते हैं|**

**अब पाठ में से चार वाक्य चुनकर लिखो, जिनमें सर्वनाम शब्दों का प्रयोग हुआ है-**

(क) तुमने इतने कपड़े एक दिन में कैसे बुन दिए?
(ख) आपको इस तरह का सवाल मुझसे नहीं पूछना चाहिए|
(ग) अब वह सारा रहस्य समझ गया|
(घ) उसने अपना रूप बदल लिया|

**2 नीचे लिखे शब्दों के विलोम लिखो-**

आशा × निराशा
आकाश × पाताल
सफ़ेद × रंगीन,स्याह
बहुत × थोड़ा
सुंदर × कुरूप
शुरु × खत्म

**3 नीचे लिखे वाक्यों के सामने उनके काल लिखो-**

| | |
|---|---|
| (क) बहुत समय पहले की बात है| | भूतकाल |
| (ख) मैं कपड़ा बुन रहा हूँ| | वर्तमान काल |
| (ग) वह एक दिन उसका एहसान चुकाएगी| | भविष्यत काल |
| (घ) मकड़ी रुई खा रही थी| | भूतकाल |
| (ड) उससे आठ कीमोनों तैयार हो सकते हैं| | भविष्यत काल |

## व्याकरण

## विराम-चिह्न

**1 सही विकल्प छाँटिए-**

(क) (?) इस विराम-चिहन का नाम है-

उत्तर प्रश्न-चिह्न

(ख) रमनी--------रजनी और राकेश बाज़ार जा रहे हैं- रिक्त स्थान में विराम-चिह्न आएगा-

उत्तर (,)

(ग) जहाँ वाक्य पूरी तरह समाप्त हो जाता है, वहाँ विराम-चिह्न लगता है-

उत्तर पूर्ण विराम

(घ) प्रश्नसूचक वाक्यों के अंत में विराम-चिह्न लगाया जाता है-

उत्तर प्रश्न-चिह्न

**2 विराम-चिह्न किसे कहते हैं?**

उत्तर भावों को व्यक्त करने के लिए वाक्यों के मध्य या अंत में रुकने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग होता है, वे विराम-चिह्न कहलाते हैं|

जैसे :- राम,श्याम और निशा बगीचे में खेल रहे हैं|

**3 निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम-चिह्न लगाइए -**

**(क) क्या खा रहे हो**

उत्तर क्या खा रहे हो?

**(ख) मेज़ पर किताब कॉपी और कलम रखी है**

उत्तर मेज़ पर किताब, कॉपी और कलम रखी है|

**(ग) कमल कैलाश भुवन और रवींद्र पढ़ रहे हैं**

उत्तर कमल, कैलाश, भुवन और रवींद्र पढ़ रहे हैं|

**(घ) मुझे नींद आ रही है**

उत्तर मुझे नींद आ रही है|

**(ड) हमारे स्कूल में अंग्रेज़ी हिंदी गणित सामाजिक शास्त्र व विज्ञान विषय पढ़ाए जाते हैं**

उत्तर हमारे स्कूल में अंग्रेज़ी, हिंदी, गणित, सामाजिक शास्त्र व विज्ञान विषय पढ़ाए जाते हैं|

4 **निम्नलिखित वाक्यों में सही विराम-चिह्नों का प्रयोग करके वाक्य को दोबारा लिखिए-**

**(क) अच्छा किया जो तुम भी आ गए**

उत्तर अच्छा किया, जो तुम भी आ गए|

**(ख) क्या तुम मुझसे नाराज़ हो**

उत्तर क्या, तुम मुझसे नाराज़ हो?

**(ग) माँ क्या मैं खेलने जाऊँ**

उत्तर माँ, क्या मैं खेलने जाऊँ?

**(घ) मुझे जन्मदिन पर अनेक उपहार मिले**

उत्तर मुझे जन्मदिन पर अनेक उपहार मिले|


**(ड) बाहर देखो कौन आया है**

उत्तर बाहर देखो, कौन आया है?

**क्रियात्मक कार्य**

**चित्र वर्णन**

**नीचे दिए चित्र का वर्णन 50 से 60 शब्दों के अनुच्छेद में कीजिए|**



यह अहमदाबाद के पास बने 'वाटर पार्क' का चित्र है| गर्मी की छुट्टियाँ हैं छुट्टियों का मज़ा लेने यहाँ पर बहुत-से लोग आए हुए हैं| कुछ बच्चे पानी में खेल रहे हैं| सुरक्षा गार्ड मुख्य द्वार पर खड़ा हुआ है| वह आने वाले लोगों की जाँच कर रहा है| कुछ बच्चे बोट पर बैठकर इधर-उधर घूम रहे हैं| उन्होंने जैकेट पहनी हुई है| वह संकट के समय डूबने से बचाती है| इस पार्क में दो बड़े झूले भी हैं| कुछ लोग उनमें झूल रहे हैं| झूले के बाहर लोगों की एक लंबी पंक्ति भी है| वे लोग झूला रुकने का इंतज़ारकर रहे हैं| रोहन को पानी से डर लगता है इसलिए वह आराम से बैठकर चिप्स खा रहा है|

## अपठित गद्यांश

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

सी.वी रमन भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक थे| ये बचपन से ही शरीर के दुबले पतले थे किंतुदिमाग के धनी| अस्वस्थता के कारण ये विदेश ना जा सके पर इन्होंने अपनी प्रतिभा से यह सिद्ध कर दिया कि यदि प्रतिभा हो तो विदेश जाकर पढ़ना ज़रूरी नहीं है| इन्होंने

कोलकाता के साइंस कॉलेज में प्रधानाचार्य के पद पर कार्य किया| इन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में नए -नए प्रयोग किए| प्रकाश किरणों पर इनका शोध- कार्य, रमन-प्रभाव के नाम से प्रसिद्ध हुआ| जिस पर इन्हें नोबेल पुरस्कार मिला| भारत में यह पुरस्कार विश्व कवि टैगोर के बाद इनको ही प्राप्त हुआ था|

**(क) सी.वी. रमन कौन थे?**

उत्तर सी.वी रमन भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक थे|

**(ख) सी.वी. रमन दिमाग के कैसे थे?**

उत्तर सी.वी. रमन दिमाग के धनी थे|

**(ग) सी.वी रमन ने अपनी प्रतिभा से क्या सिद्ध कर दिया?**

उत्तर सी.वी रमन ने अपनी प्रतिभा से यह सिद्ध कर दिया कि यदि प्रतिभा हो तो विदेश जाकर पढना ज़रूरी नहीं है|

**(घ) सी.वी रमन ने कोलकाता के साइंस कॉलेज में कौन-से पद पर कार्य किया?**

उत्तर सी.वी रमन नेकोलकाता के साइंस कॉलेज में प्रधानाचार्य के पद पर कार्य किया|

**(ङ) सी.वी रमन को किस पर नोबेल पुरस्कार मिला?**

उत्तर सी.वी रमन को प्रकाश किरणों पर शोध-कार्य करने (रमन-प्रभाव)के लिए नोबेल पुरस्कार मिला|

# Class - 4

*Term - 2 NOVEMBER*

## पाठ-11

## वह बर्फीली यात्रा

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) अनोखा - निराला

(ख) साहसी - हिम्मती

(ग) पर्वतारोहण - पहाड़ पर चढ़ाई

(घ) दर्रा - घाटी

**वाक्य रचना :-**

अनोखा :- सुबह का दृश्य मनमोहक और अनोखा होता है|

साहसी :- साहसी व्यक्ति अपने साहस द्वारा बड़े से बड़ा काम कर दिखाता है|

1 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) रोहतांग दर्रे को लोग खतरनाक क्यों कहते हैं?**

उत्तर रोहतांग दर्रे को लोग इसलिए खतरनाक कहते हैं क्योंकि तेरह हज़ार फुट से ऊँचा यह दर्रा, बर्फ़ से ढका हुआ है और वहाँ बर्फीली आँधियाँ चलती हैं|

**(ख) संगीता की बात सुनकर रूपेंद्र क्यों आश्चर्यचकित हुआ?**

उत्तर जब संगीता ने रूपेंद्र से कहा कि भैया,क्या हम रोहतांग दर्रा पार कर सकते हैं? यह सुनकर वह आश्चर्यचकित हुआ|

**(ग) बच्चों को कौन-सी पताका फहरानी थी?**

उत्तर बच्चों को हिम्मत और बहादुरी की विजय पताका फहरानी थी|

**(घ) बच्चों की धैर्य परीक्षा कहाँ से शुरू होती है?**

उत्तर जब बच्चे कुछ बड़ा काम करने की ठान लेते हैं और उस कार्य को पूरा करने करने के लिए राह में आई मुश्किलों से न घबराकर आगे बढ़ते हैं वहाँ से उनकी धैर्य परीक्षा शुरू होती है|

**(ङ) क्या सुनकर लोग भौचक्के रह गए?**

उत्तर संगीता और रूपेंद्र की रोमांचक साहस-कथा के बारे में सुनकर लोग भौंचक्के रह गए|

2 **सही वाक्य पर ✓ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

(क) संगीता की आयु ग्यारह वर्ष की थी| (×)

(ख) हवा में खून जमा देने वाली ठंडक थी| (✓)

(ग) दोनों बालक जनता के लाडले और दुलारे हो गए|(✓)

(घ) बच्चे रोहतांग दर्रे को पार न कर सके| (×)

(ङ) बच्चे बड़ा काम नहीं कर सकते | (×)

**3 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो :-**

{ रोहतांग, राष्ट्रीय, आश्चर्य, रोज़, बहादुर }

(क) यह उनका **रोज़** का प्रिय खेल था|

(ख) रूपेंद्र के चेहरे पर **आश्चर्य** का भाव था|

(ग) वे **रोहतांग** दर्रे के एकदम बीच में आ पहुँचे|

(घ) उन्हें वीरता का **राष्ट्रीय** पुरस्कार मिला|

(ङ) हम चाहते हैं कि सभी बच्चे **बहादुर** बनें|

**4 सही उत्तर पर ✓ लगाओ :-**

(क) रोहतांग दर्रे की ऊँचाई कितनी है?

उत्तर 13,000 फुट

(ख) नन्हे पर्वतारोही किन्हें कहा गया है?

उत्तर दोनों को ( रूपेंद्र और संगीता )

(ग) बच्चों को किस क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार मिला?

उत्तर वीरता के क्षेत्र में

(घ) सभी बच्चों को कैसा बनना चाहिए?

उत्तर बहादुर

(ङ) संगीता और रूपेंद्र हँसकर क्या कहते हैं?

उत्तर हमें बर्फ़ से प्यार है|

**भाषा की बात**

**1 कहानी में से ऐसे शब्द छाँटो जो किसी के बारे में कुछ बताते हों :-**

| | | |
|---|---|---|
| बहुत छोटी-संगीता | मीठी खिलखिलाहट | मौसम ठंडा |
| बर्फ़ीली-आँधियाँ | साहसी और सुरमा -संगीता और रूपेंद्र | नन्हे पर्वतारोही |
| अनोखी-यात्रा | रोमांचक साहस- कथा | तेज़ हवाएँ |

# पाठ-13

# कर्मवीर

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) बाधा - रुकावट

(ख) जगत - संसार

(ग) विविध - कई तरह का

(घ) काल - समय

**वाक्य रचना :-**

राह में जितनी भी **बाधाएँ** आए उनका हिम्मत से मुकाबला करना चाहिए|

ताजमहल **जगत** में प्रसिद्ध है|

1 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) किसको देखकर घबराना नहीं चाहिए?**

उत्तर राह में आई बाधाओं को देखकर घबराना नहीं चाहिए|

**(ख) कर्मवीर क्या करते हैं?**

उत्तर कर्मवीर भाग्य के भरोसे न बैठकर, कठिन-से कठिन कार्य को भी आसानी से सफलतापूर्वक करते हैं|

**(ग) कर्मवीर समय को कैसे बिताते हैं?**

उत्तर कर्मवीर के लिए समय का बहुत महत्त्व होता है| वे काम को समय पर करते हैं, उसे कल पर नहीं छोड़ते| वे समय को कभी व्यर्थ जाने नहीं देते| समय का सदुपयोग कर्मवीरों का महत्त्वपूर्ण गुण है|

**(घ) किसके जीवन को सफ़ल माना गया है?**

उत्तर कर्मवीरों की भांति जो समय का सदुपयोग करते हैं उनके जीवन को सफ़ल माना गया है|

**(ड) कैसे लोग औरों के लिए उदाहरण बन जाते हैं?**

उत्तर पुरुषार्थ करने वाले तथा असम्भव कार्य को संभव बनाने वाले लोग औरों के लिए उदाहरण बन जाते हैं|

2 **कविता की पंक्तियाँ पूरी करो :-**

आज करना है जिसे करते उसे हैं आज ही
सोचते कहते हैं जो कुछ कर दिखाते हैं वही
मानते जो भी हैं सुनते हैं सदा सबकी कही
जो मदद करते हैं अपनी इस जगत में आप ही

**3 सही वाक्य पर ✓तथा गलत वाक्य पर ×का निशान लगाओ :-**

(क) कर्मवीर व्यक्ति दूसरों का मुँह ताकते रहते हैं| **(×)**

(ख) कर्मवीर व्यक्ति अपनी मदद स्वयं करते हैं| **(✓)**

(ग) सभी व्यक्ति भाग्य के भरोसे रहते हैं| **(×)**

(घ) हमें आज का काम कल पर नहीं छोड़ना चाहिए| **(✓)**

(ड) करनी और कथनी में समानता होनी चाहिए| **(✓)**

**4 सही उत्तर पर ✓ लगाओ :-**

(क) कौन व्यक्ति अपनी मदद स्वयं करता है?

उत्तर कर्मवीर

(ख) आज का काम कब करना चाहिए?

उत्तर आज

(ग) व्यक्ति को किसके भरोसे नहीं रहना चाहिए?

उत्तर भाग्य के

(घ) कर्मवीर व्यक्ति क्या करने से जी नहीं चुराते?

उत्तर यत्न

**भाषा की बात**

**1 नीचे दिए शब्दों के वर्ग में जो शब्द अलग है, उस शब्द पर घेरा ◯ लगाओ- :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| वीर | (स्वस्थ) | बहादुर | योद्धा |
| (ममता) | मदद | सहायता | सहारा |
| जगत | (आसमान) | संसार | दुनिया |

2 नहीं करना है|

# व्याकरण

## <u>विलोम शब्द</u>

**1 सही विकल्प छाँटिए -**

(क) विपरीत अर्थ बताने वाले शब्दों को कहते हैं-

उत्तर (1) व (2) दोनों (विलोम और विपरीतार्थक )

(ख) ‘अनेकता’ का विपरीतार्थक शब्द है-

उत्तर एकता

(ग) ‘बंधन’ का विलोम शब्द हैं -

उत्तर मुक्ति

(घ) ‘घृणा’ का विलोम शब्द है-

उत्तर प्रेम

**2 विलोम शब्दों से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित लिखिए|**

उत्तर एक दूसरे के विपरीत अर्थ बताने वाले शब्द विलोम या विपरीतार्थक शब्द कहलाते हैं|
जैसे :- मोटा × पतला

**3 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:-**

उत्तर एक × अनेक
वीर × कायर
लाभ × हानि
गुण × अवगुण
ऊँचा × नीचा
सुपुत्र × कुपुत्र
प्रश्न × उत्तर
सुख × दुख
सुगंध × दुर्गंध

**4 निम्नलिखित शब्दों के उचित विलोम शब्द के आगे सही (✓) का चिह्न लगाइए :-**

**सत्य × असत्य**
प्रसन्न × अप्रसन्न
उतार × चढ़ाव
कायर × वीर
कोमल × कठोर
स्वतंत्रता × परतंत्रता
ऊँचा × नीचा
मुश्किल × आसान

**5 दिए गए वाक्यों में रंगीन शब्दों के उपयुक्त विलोम शब्द लिखिए :-**

(क) मैं रात-**दिन** मेहनत कर कक्षा में प्रथम आऊँगा|

(ख) हमें केवल दूसरों में दोष ही नहीं देखने चाहिए, बल्कि उनके **गुण** भी देखने चाहिए|

(ग) सूर्य पूर्व में उदय होता है और पश्चिम में **अस्त**|

(घ) हमें चुस्त रहना चाहिए, **सुस्त** नहीं|

(ङ) रात होने पर अँधेरा छाजाता है और सुबह होने पर **उजाला**|

गृहकार्य - वर्गपहेली में से शब्दों के विलोम लिखिए|(पेज नंबर-63)

# क्रियात्मक कार्य

## अनुच्छेद लेखन

### मेरा प्रिय त्योहार

भारत को त्योहारों का देश कहा जाता है| ये त्योहार समय-समय पर आकर हमारे जीवन में उमंगों का संचार करते रहते हैं| इन्हीं त्योहारों में से एक त्योहार है-दीवाली, जो मेरा प्रिय त्योहार है| दीवाली का त्योहार एक धार्मिक त्योहार है इसे दीपों का त्योहार तथा रोशनी का त्योहार भी कहते हैं|

यह त्योहार कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है| अमावस्या के दिन अँधेरा रहता है परन्तु इस दिन लोग दीप जलाकर पूर्णिमा से भी अधिक प्रकाश कर देते हैं|

इस दिन अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र श्रीराम जी चौदह वर्ष का वनवास बिताकर तथा रावण का वध करके अयोध्या लौटे थे| उनके आने की ख़ुशी में अयोध्यावासियों ने घी के दीए जलाए थे| दीवाली की तैयारियाँ कुछ दिन पहले ही शुरू हो जाती हैं| लोग घरों की साफ़-सफ़ाई करते हैं| नई वस्तुएँ तथा नए कपड़े खरीदते हैं| यह त्योहार पाँच दिन मनाया जाता है| दीवाली से दो दिन पहले धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है|

दीवाली की रात को लक्ष्मी पूजन किया जाता है| इस दिन बच्चे, बूढ़े और जवान सभी खुश दिखाई देते हैं| बच्चे आतिशबाजी छुड़ाते हैं| लोग एक-दूसरे को मिठाई बाँटते हैं तथा शुभकामनाएँ देते हैं| दीवाली का पाँचवाँ दिन भाई-दूज के रूप में मनाते हैं| यह उल्लास व सुख-समृद्धि का त्योहार है| इसे बड़े पवित्र ढंग से मनाना चाहिए|

जलाओ दीप मगर ध्यान रहे|
कहीं अँधियारा रह न जाए ||

**अभ्यास हेतु - सफ़ाई का महत्त्व**

**DELHI PUBLIC SCHOOL, GANDHINAGAR**

**Class - 4**

**TERM – II OCTOBER**

**SAMPLE NOTEBOOK**

## ***पाठ-9 दिल्ली की सैर***

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) प्रसिद्ध - मशहूर

(ख) सखी - सहेली

(ग) अस्त्र-शस्त्र - हथियार

(घ) प्रिय - प्यारी

**वाक्य रचना :-**

प्रसिद्ध - ताजमहल आगरा का प्रसिद्ध स्थल है|

प्रिय - निराली मेरी प्रिय सहेली है |

1 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) लालकिले को किसने और कहाँ बनवाया?**

उत्तर लालकिले को मुगल सम्राट शाहजहाँ ने बनवाया और यह दिल्ली में यमुना नदी के किनारे बना हुआ है|

**(ख) आयुषी ने अजायबघर में क्या देखा?**

उत्तर आयुषी ने अजायबघर में मुगलकाल के वस्त्र, अस्त्र-शस्त्र आदि वस्तुएँ देखी|

**(ग) दिल्ली का कनॉट प्लेस किस लिए प्रसिद्ध है?**

उत्तर यह दिल्ली का प्रसिद्ध बाज़ार है| यहाँ बड़ी-बड़ी दुकानें तथा शोरूम हैं| कनॉट प्लेस में दिल्ली का प्रसिद्ध पालिका बाज़ार भी है जो ज़मीन के नीचे बना हुआ है|

**(घ) दिल्ली में प्रमुख पर्यटन स्थल कौन-कौन से हैं?**

उत्तर दिल्ली में प्रमुख पर्यटन स्थल लालकिला, जामामस्जिद, कुतुबमीनार, राजघाट, चिड़ियाघर, इंडिया गेट, संसद भवन, बिड़ला मंदिर, तथा लोटस टेम्पल तथा अन्य स्थान हैं|

**(ङ) चाँदनी चौक की क्या विशेषता है?**

उत्तर चाँदनी चौक भीड़- भाड़ से भरा बाज़ार है, जहाँ हर समय मेला-सा लगा रहता है| यहाँ हर प्रकार का सामान मिलता है| चाँदनी चौक के बीच में गुरुद्वारा शीशगंज है,यह सिक्खों का पवित्र स्थान है|

**2 सही वाक्य पर ✓ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

(क) लाल किले के सामने चाँदनी चौक है| (✓)

(ख) जामा मस्जिद सफ़ेद पत्थरों से बनाई गई है| (×)

(ग) चाँदनी चौक में पालिका बाज़ार भी है| (×)

(घ) गुरुद्वारा शीशगंज सिक्खों का पवित्र स्थान है| (✓)

(ङ) गुड़िया घर में देश-विदेश की अनेक गुड़ियाँ रखी हैं| (✓)

**3 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो :-**

{ ज़मीन, पालिका बाज़ार, गुरुद्वारा शीशगंज, अजायबघर }

(क) लाल किले के एक भाग में **<u>अजायबघर</u>** भी है|

(ख) चाँदनी चौक के बीच में **<u>गुरुद्वारा शीशगंज</u>** भी है|

(ग) पालिका बाज़ार **<u>ज़मीन</u>** के नीचे बना हुआ है|

(घ) **<u>पालिका बाज़ार</u>** नई दिल्ली का प्रसिद्ध बाज़ार है|

**4 सही उत्तर पर ✓ लगाओ -**

(क) दिल्ली का लाल किला किसने बनवाया?

उत्तर शाहजहाँ

(ख) आयुषी ने सबसे पहले क्या देखा?

उत्तर लालकिला

(ग) लालकिला किस नदी के किनारे है?

उत्तर यमुना

(घ) आयुषी ने कपड़े और खिलौने कहाँ से ख़रीदे?

उत्तर चाँदनी चौक

**भाषा की बात**

**1 सही वर्तनी पर घेरा लगाओ-**

(क) पत्थर (घेरा लगा हुआ) पथर पथर्र

(ख) कीला किल्ला किला (घेरा लगा हुआ)

(ग) मस्जिद मशजिद मसजीद

(घ) यमूना यमुना यमना

2 **पढ़ो समझो और लिखो :-**

बुद्धि - बुद्धिमान बुद्धिशाली बुद्धिहीन

विद्या - विद्यालय विद्यार्थी विद्याधन

फल - परीक्षाफल फलाहार फलश्रुत

वीर - वीरपुत्र कर्मवीर वीरांगना

## ***पाठ-10***

## ***रबड़ की आत्मकथा***

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) वस्तुएँ - चीजें

(ख) उपयोगी - काम की वस्तु

(ग) निर्माण - बनाना

(घ) इकट्ठा - जमा करना

**वाक्य रचना :-**

वस्तुएँ - हमें प्लास्टिक की थैलियों में खाने-पीने की वस्तुएँ नहीं लानी चाहिए|

इकट्ठा - रबड़ बनाने के लिए पेड़ के रस को इकट्ठा किया जाता है|

1 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) रबड़ ने अपनी क्या विशेषता बताईं?**

उत्तर रबड़ ने अपनी विशेषता बताते हुए कहा कि मेरा जन्म अमेजन बेसिन में हुआ था और मैं एक पेड़ के रस से बनाया जाता हूँ|

**(ख) रबड़ से कौन-कौन सी चीजें बनाई जाती हैं?**

उत्तर रबड़ से गेंद, गुब्बारे, साइकिलों और मोटरगाड़ियों के टायर - ट्यूब, बरसातियाँ, डॉक्टर के दस्ताने, बिजली मैकेनिक के दस्ताने, कई खिलौने, जूते चप्पल आदि चीजें बनाई जाती हैं|

**(ग) रबड़ का निर्माण कैसे होता है?**

उत्तर रबड़ का निर्माण करने के लिए पेड़ के तने में छोटे-छोटे छेद किए जाते हैं| इन छेदों के नीचे टीन की छोटी-छोटी बाल्टियाँ लटका दी जाती हैं| छेदों से निकला रस इन बाल्टियों में इकट्ठा होता है,इसी से रबड़ का निर्माण होता है|

**(घ) मामा जी ने प्लास्टिक के विषय में क्या बताया?**

उत्तर मामा जी ने बताया किहमारे घर के टी.वी. से लेकर बाल्टी तक बहुत सारी चीज़ें प्लास्टिक से बनी होती हैं और इसमें पी॰वी॰सी. नामक जहरीला पदार्थ होता है| प्लास्टिक से बनी थैलियाँ बहुत हानिकारक होती हैं इनमें खाने-पीने की चीज़ें नहीं लानी चाहिए|

**(ङ) रबड़ के वृक्ष कहाँ पाए जाते हैं?**

उत्तर रबड़ के वृक्ष दक्षिण भारत के दक्षिणी भाग तथा पूर्वोत्तर के राज्यों में पाए जाते हैं|

**2 सही उत्तर पर ✓ लगाओ :-**

(क) बिजली मैकेनिक किससे बने दस्तानों का प्रयोग करता है?
रबड़ से (✓)

(ख) रबड़ से क्या-क्या बनाया जाता है?
सभी (✓) ( टायर, ट्यूब, गेंद)

(ग) पी.वी.सी. नामक पदार्थ होता है-
ज़हरीला (✓)

(घ) यह पाठ हमें किससे बचने का सुझाव देता है?
प्लास्टिक से (✓)

**3 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो :-**
**{ रस, दस्ताने, उपहार, प्लास्टिक, लैपटॉप }**

(क) श्रेष्ठ को यह उपहार सबसे अच्छा लगा |

(ख) रबड़ एक पेड़ के रस से बनता है|

(ग) प्लास्टिक रबड़ का बनावटी रूप है|

(घ) डॉ॰ ऑपरेशन करते हुए रबड़ से बने दस्ताने पहनते हैं|

**(ङ)** मामा जी न श्रेष्ठ को लैपटॉप लाने को कहा|

**4 सही वाक्य पर ✓ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

(क) श्रेष्ठ को रबड़ अपने मामा जी से मिला था| (✓)

(ख) हमारे घर की बहुत सारी चीजें प्लास्टिक से बनी होती हैं| (✓)

(ग) प्लास्टिक रबड़ का बनावटी रूप है| (✓)

(घ) रबड़ ज़मीन से निकाला जाता है| (×)

**(ङ)** रबड़ के वृक्ष भारत के उत्तरी भाग में पाए जाते हैं| (×)

**भाषा की बात**

**1 नीचे लिखे शब्दों के अर्थ लिखो :-**

(क) देव - देवता
दैव - भाग्य

(ख) ग्रह - आकाशचारी
गृह - घर

(ग) पवन - हवा
पावन - पवित्र

(घ) हंस - मराल
हँस - मज़ाक

**2 नीचे लिखे वाक्य शुद्‌ध करके लिखो -**

(क) मैं अपना पता दिखाना तो भूल गया|
मैं अपना पता लिखाना तो भूल गया|

(ख) श्रेष्ठ चित्र लिख रहा था|
श्रेष्ठ चित्र बना रहा है|

(ग) अब तुम अपनी चित्र पूरी करें|
अब तुम अपना चित्र पूरा करो|

(घ) मुझसे बनी गेंद से बच्चा क्रिकेट खेलती है|
मुझसे बनी गेंद से बच्चा क्रिकेट खेलता है|

## <u>पर्यायवाची शब्द</u>

**1 सही विकल्प छाँटिए-**

(क) समान अर्थ देने वाले शब्द कहलाते हैं -

उत्तर उपर्युक्त सभी ( पर्यायवाची, समानार्थक, समानार्थी )

(ख) ‘ अचल, नग, भूधर,’ पर्याय हैं -

उत्तर पर्वत के

(ग) ‘पुत्र’ के पर्याय हैं -

उत्तर सुत, नंदन, लाल

(घ) अनल, पावक, पर्याय हैं -

उत्तर आग के

**2 पर्यायवाची शब्द किसे कहते हैं?**

उत्तर एक जैसे अर्थ प्रकट करने वाले शब्द पर्यायवाची या समानार्थक शब्द कहलाते हैं|

**3 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -**

अतिथि - मेहमान, अभ्यागत

दास - नौकर, सेवक

शरीर - तन, देह

तट - किनारा, तीर

वृक्ष - पेड़, तरु

हाथ - कर, हस्त

**4 निम्नलिखित वाक्यों की पूर्ति कोष्ठक में दिए शब्द के उचित पर्यायवाची शब्द से कीजिए-**

(क) दरज़ी <u>कपड़ा</u> सिल रहा है| (वस्त्र)

(ख) मैं <u>पानी</u> पी रहा हूँ| (जल)

(ग) मुझे <u>पर्वत</u> पर चढ़ाई करना अच्छा लगता है| (नग)

(घ) उसकी <u>आँखों</u> से आँसू बहने लगे| (नयनों)

(ड) मैंने अपना <u>गृह</u> कार्य पूरा कर लिया है| (घर)

(च) <u>पृथ्वी</u> सूर्य के इर्द-गिर्द घूमती है| (धरा)

**5 दिए गए शब्द समूहों में से उस शब्द को रेखांकित कीजिए जो उस समूह का पर्यायवाची नहीं है -**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | हाथी - | गज | हस्ती | <u>वानर</u> |
| (ख) | सूर्य - | रवि | <u>शशि</u> | भानु |
| (ग) | सिंह - | शेर | वनराज | <u>तुरंग</u> |
| (घ) | मित्र - | सखा | <u>मानव</u> | साथी |
| (ड) | आकाश - | <u>उपवन</u> | अंबर | नभ |
| (च) | संसार - | दुनिया | <u>देश</u> | विश्व |

**6 उचित पर्यायवाची शब्दों के जोड़े मिलाइए -**

मानव - आदमी

पुष्प - फूल

प्रकाश - उजाला

ईश्वर - भगवान
दाँत - दंत
गुरु - अध्यापक
घर - गृह
पर्वत - पहाड़

## अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

1 **सही विकल्प छाँटिए-**

(क) 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' भाषा को बनाते हैं -

उत्तर ये सभी

(ख) 'जो कभी न मरे' वाक्यांश के लिए एक शब्द है -

उत्तर अमर

(ग) 'सदाचारी' कहते हैं -

उत्तर अच्छे आचरण वाले को

(घ) जो साथ पढता हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द -

उत्तर सहपाठी

2 **'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए|**

उत्तर ऐसे शब्द जो अनेक शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जा सकते हैं, वे अनेक शब्दों के लिए एक शब्द कहलाते हैं|

जैसे :- प्रतिदिन होने वाला - दैनिक

3 **निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए -**

(क) जो काम से जी चुराए - कामचोर
(ख) जिसका भाग्य बहुत अच्छा हो - भाग्यवान
(ग) पूजा करनेवाला - पुजारी
(घ) जिसमें भय न हो - निर्भय
(ड) जो याद रखने योग्य हो - स्मरणीय
(च) जो केवल फल खाए - फलाहारी
(छ) सात दिनों का समूह - सप्ताह
(ज) प्रतिदिन होने वाला - दैनिक
(झ) दूसरों पर उपकार करने वाला - परोपकारी
(ञ) जो दान करता हो - दानी

4 **निम्नलिखित एक शब्द के लिए अनेक शब्द लिखिए -**

(क) कवयित्री - कविता लिखने वाली

(ख) मांसाहारी - केवल माँस खाने वाला

(ग) अदृश्य - जिसे देखा न जा सके

(घ) नागरिक - नगर में रहने वाला

(ङ) लखपति - जिसके पास लाखों रूपए हो

(च) निर्धन - जिसके पास धन न हो

5 **निम्नलिखित वाक्यों में 'अनेक शब्दों' की जगह 'एक शब्द' लिखकर वाक्य फिर से लिखिए :-**

(क) कुणाल अच्छे आचरण वाला लड़का है| ⇨ कुणाल सदाचारी लड़का है |

(ख) रोबर्ट दूसरे देश का वासी है| ⇨ रोबर्ट विदेशी है|

(ग) धनीराम के पास लाखों रुपए है| ⇨ धनीराम लखपति है|

(घ) ललित दूसरों की भलाई करता है| ⇨ ललित परोपकारी है|

(ङ) सुधांशु के माता-पिता नहीं हैं| ⇨ सुधांशु अनाथ है|

(च) भुवन अपना मतलब निकलने वाला लड़का है| ⇨ भुवन स्वार्थी लड़का है|

## <u>क्रियात्मक कार्य</u>

### अपठित काव्यांश / पद्यांश

**निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

होली का दिन सबको भाए
आओ मिलकर नाचे-गाएँ|
मस्ती है खुशियों का पल है,
आज सभी का दिल निश्छल है|
बोले सबसे प्यार की बोली,
रंग-अबीर लगाएँ रोली|
सबमें छाई नई उमंग,
पिचकारी में भरकर रंग|

प्रश्न 1 काव्यांश में मिलकर क्या करने के लिए कहा जा रहा है?

उत्तर काव्यांश में मिलकर नाचने और गाने के लिए कहा जा रहा है|

प्रश्न 2 होली के दिन सभी का दिल कैसा रहता है?

उत्तर होली के दिन सभी का दिल निश्छल रहता है|

प्रश्न 3 होली में सभी एक-दूसरे को क्या-क्या लगाते हैं?

उत्तर होली में सभी एक-दूसरे को रंग-अबीर और रोली लगाते हैं|

प्रश्न 4 पिचकारी में क्या भरा जाता है?

उत्तर पिचकारी में रंग भरा जाता है|

प्रश्न 5 काव्यांश में से समानार्थी शब्द ढूँढ़कर लिखिए :-

उत्तर प्रेम- प्यार ,दिवस-दिन

## <u>औपचारिक पत्र</u>

**प्रधानाचार्य जी को दो दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए :-**

बी/34 आश्रय सोसायटी
सरगासन रोड़
गाँधीनगर

सेवा में,
प्रधानाचार्य जी
दिल्ली पब्लिक स्कूल, गांधीनगर
गांधीनगर, गुजरात

दिनांक : 23 अक्तूबर 2020

विषय :- अवकाश हेतु प्रार्थना-पत्र |

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं दिव्यराज सिंह कक्षा 4 ‘अ’ का छात्र हूँ| मेरी बुआ की शादी मुंबई तय हुई है और मैं मेरे परिवार के साथ मुंबई शादी के लिए जा रहा हूँ| अतः आपसे प्रार्थना है कि मुझे 23/10/2021 से 24/10/2021 तक का अवकाश प्रदान करें | आपकी अति कृपा होगी|

सधन्यवाद
आपका आज्ञाकारी शिष्य
दिव्यराज सिंह

कक्षा -4 ‘अ’

**अभ्यास हेतु :- प्रधानाचार्य को एक सप्ताह की छुट्टी के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए|**

SAMPLE NOTE BOOK(AUGUST)

कक्षा : चार (पाठ्यपुस्तक - नई उड़ान)

## पाठ -6 हीरा और कोयला

**शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं भी दो शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :-**

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1 | अग्रज | बड़ा भाई |
| 2 | कृत्रिम | बनावटी |
| 3 | आभा | प्रकाश ,चमक |
| 4 | राजकोष | सरकारी खज़ाना |

- **वाक्य रचना**

1) अग्रज - बलराम श्री कृष्ण के अग्रज थे|

2) आभा - प्रात:काल में सूरज की आभा देखने लायक होती है |

**प्रश्न-1 प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**क) हीरा और कोयला सगे भाई हैं, कैसे ?**

उत्तर हीरे और कोयले का जन्म एक ही स्थान पर होता है और कोयले से ही हीरा बनाया जाता है इसलिए हीरा और कोयला दोनों सगे भाई हैं|

**ख) हीरा अपनी क्या उपयोगिता बताता है?**

उत्तर हीरा अपनी उपयोगिता बताता है कि वह राजेश्वरों का शिरोमणि है,देवताओं का मंजुल मुकुट सुशोभित करता है तथा सुंदरियों का आभूषण बनता है|

**ग) कोयला हीरे को क्या दोष देता है?**

उत्तर कोयला हीरे को यह दोष देता है कि तेरे ही कारण सम्राटों के सिर कटते हैं, बड़े –बड़े राज्य तहस-नहस हो जाते हैं और मनुष्य को इस धोखे में डालता है कि अगर वे तुझे अपने मुकुट पर लगाएँगे तो वे देवताओं को भी अपने वश में कर सकते हैं|

**घ) कोयला किसलिए जलाया जाता है?**

उत्तर कोयला गरीब लोगों की जरूरत पूरी करने के लिए जलाया जाता है |

**ड) कोयले ने सच्चे आभूषण किन्हें कहा?**

उत्तर कोयले ने त्याग, बलिदान और परोपकार को सच्चे आभूषण कहा है|

**प्रश्न-2) सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए :-**

आभूषण , सुशोभित ,ज़रूरत ,राजकोषों , स्वतंत्रतापूर्वक

क) मैं देवताओं का मंजुल –मुकुट **सुशोभित** करता हूँ |

ख) मैं जलकर भी गरीबों की **ज़रूरत** पूरी करता हूँ |

ग) मैं **स्वतंत्रतापूर्वक** घूमना ही जीवन का आनंद समझता हूँ |

घ) संसार शीघ्र ही सच्चे **आभूषण** अपनाएगा |

ड.) मैं बड़े-बड़े **राजकोषों** में कितनी सुरक्षा से रखा जाता हूँ |

**प्रश्न 3) सही वाक्य पर √ तथा गलत वाक्य पर (×)का निशान लगाओ :-**

क) कोयले से हीरा बनाया जाता है| (√)

ख) कोयला स्वयं जलकर दूसरों के काम आता है | (√)

ग) कोयले के लिए पहरा–चौकी लगती है| ( ×)

घ) मनुष्यता सच्चे आभूषण अपनाए हुए है| ( ×)

ड.) कोयला हीरे को आशीर्वाद देता है| (√)

**प्रश्न-4) सही उत्तर पर √ का निशान लगाओ :-**

**क) कौन स्वयं जलकर दूसरों के काम आता है ?**

1) हीरा 2)कोयला(√ ) 3) मनुष्य 4)दानव

**ख) सूरज की भाँति कौन चमकता है ?**

1)कोयला 2) हीरा (√ ) 3) देव 4) मनुष्य

**ग) देव और दानव की पहचान किससे होती है ?**

1) आकार से 2)कर्म से √ 3)चमक से 4) उत्कर्ष से

**भाषा की दुनिया**

**प्रश्न-1 निम्नलिखित मूल शब्दों में प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाओ :-**

| शब्द | | प्रत्यय | | नया शब्द |
|---|---|---|---|---|
| मनुष्य | + | ता | = | मनुष्यता |
| ईश्वर | + | ईय | = | ईश्वरीय |
| बड़ा | + | आई | = | बड़ाई |

**प्रश्न 2) नीचे दिए शब्दों से और शब्द बनाओ –**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क)** | जन्म - | जन्मदिन | जन्मजात | जन्मभूमि |
| **ख)** | देव - | देवनगरी | देवराज | देवभूमि |
| **ग)** | खाना - | खानाबदोश | खानाखजाना | खानपान |
| **घ)** | रूप- | रूपवान | रूपक | रूपवती |

**प्रश्न 3) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखो –**

अनुज – अग्रज
छोटा – बड़ा
दूर - पास
देव – दानव

बड़ाई – छोटाई , छोटापन
गुण - अवगुण
कृत्रिम – प्राकृतिक
मौलिक – अमौलिक

**प्रश्न 4)** आँख से जुड़े कुछ मुहावरे नीचे लिखे हैं| इनका वाक्यों में प्रयोग करो :-

**क)** आँख का तारा – सभी बच्चे अपने माता-पिता की आँखों के तारे होते हैं|
**ख)** आँखे भर जाना – दुल्हन की बिदाई के समय मेरी आँख भर गई|
**ग)** आँख बिछाना – प्रत्येक माँ आँखें बिछाकर अपने बेटे का इंतजार करती है|
**घ)** आँखे चुराना - गलत काम करने पर मेरा भाई मुझसे आँखें चुराने लगा |

## पाठ - 7 चीन की विशाल दीवार

* शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं भी दो शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :-

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1 | अजूबा | अद्भुत वस्तु |
| 2 | दुश्मन | शत्रु |
| 3 | रक्षा | बचाव |
| 4 | महान | बड़ा , श्रेष्ठ |

- **वाक्य रचना**

**1) रक्षा** - रक्षाबंधन के दिन भाई अपनी बहन की रक्षा करने का वचन देता है |

**2)महान** – भारत एक महान देश है |

**प्रश्न-1 प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**क) अंजलि चीन की दीवार से क्या जानना चाहती थी ?**

उत्तर अंजलि चीन की दीवार से उसके निर्माण तथा उसकी विशेषताओं के बारे में जानना चाहती थी |

**ख) चीन की दीवार ने अपने बारे में क्या बताया ?**

उत्तर चीन की दीवार ने अपने बारे में यह बताया कि दुनिया के सात अजूबों में से एक वह भी है|

**ग) 'वान ली कांग केन' तथा 'दस हज़ार ली ' का क्या मतलब है ?**

उत्तर 'वान ली कांग केन का अर्थ है- दस हजार ली लंबी दीवार तथा 'दस हजार ली' का मतलब है पाँच हज़ार किलोमीटर|

**घ) चीन की दीवार की कोई दो विशेषताएँ बताओ ?**

उत्तर चीन की दीवार की चौड़ाई साढे चार से नौ मीटर व ऊँचाई साढे सात मीटर होने के कारण इसे दीवार न कहकर कई दीवारों की कड़ी कहा जाता है तथा यह आसमान और अंतरिक्ष से भी दिखाई देती है|

**प्रश्न-2 सही वाक्य पर (√ )तथा गलत वाक्य पर (×) का निशान लगाओ :-**

क) चीन की दीवार दुनिया के सात अजूबों में एक है| (√ )

ख) इस दीवार की ऊँचाई साढ़े छह मीटर है| (×)

ग) यह दीवार सौ साल में बनकर तैयार हुई| (×)

घ) दीवार के दक्षिण की ओर पहाड़ियाँ हैं | (√)

ड.) यह अपने देश की दुश्मन राज्यों से रक्षा करती है | (√)

**प्रश्न-3 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए :-**

**कड़ी , नौ , महान , उत्तर , अंतरिक्ष**

क) मैं **अंतरिक्ष** से भी दिखाई देती हूँ|

ख) मेरी चौड़ाई साढ़े चार से **नौ** मीटर तक है|

ग) असल में मै कई दीवारों की **कड़ी** हूँ|

घ) मेरे **उत्तर** की ओर ह्यून का खुला मैदान है|

ड.) सचमुच आप बहुत **महान** हैं|

**प्रश्न-4 सही उत्तर पर (√) का निशान लगाओ :-**

**क) चीन की दीवार को किसने बनवाना शुरू किया ?**

उत्तर शिन शी ह्यूंगदी

**ख)** **चीन की दीवार की लंबाई कितनी है ?**

उत्तर 5,000 कि .मी .

**ग)** **चीन की दीवार को बनाने में लगभग कितना समय लगा ?**

उत्तर एक हज़ार साल

**घ)** **इस दीवार को 'वान ली कांग केन ' कहाँ कहा जाता है ?**

उत्तर चीन में

***** **भाषा की दुनिया**

**प्रश्न-1** **नीचे लिखे शब्दों को अलग करके लिखो :-**

क) छात्रावास - छात्रा + आवास

ख) पुस्तकालय - पुस्तक + आलय

ग) धर्मात्मा – धर्म+ आत्मा

**प्रश्न-2** **विलोम शब्दों का मेल करो :-**

क) ऊँचाई – गहराई /निचाई

ख) करीब – दूर

ग) दुश्मन – दोस्त

घ) आसमान- ज़मीन

**प्रश्न-3** इस पाठ में काफ़ी क्रियाएँ या काम वाले शब्द आए हैं ,उन्हें छाँटो और नीचे लिखो _

| | | | |
|---|---|---|---|
| बनवाना | सुनो | दिखाई | कहलाती |
| कहकर | बताएँ | बनकर | दिखती |

**प्रश्न-4** **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो :-**

क) जिसके माता-पिता न हो – अनाथ

ख) श्रम करके जीने वाला – श्रमिक

ग) जिसके पास धन न हो – निर्धन

घ) जो अकेला हो - एकांकी

## व्याकरण

## विषय :विशेषण

**प्रश्न-1** **सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

**क)** **विशेषण कहते हैं-**

1) जो शब्द केवल संज्ञा शब्दों की विशेषता बताते हैं

2) जो शब्द विशेष हो

3) जो शब्द संज्ञा व सर्वनाम की विशेषता बताते हैं **(√)**

4) इनमें से कोई नहीं

**ख) विशेष्य होते हैं-**

1) विशेषण

2) जिन शब्दों की विशेषता बताई जाती है (√)

3) जो शब्द विशेषता बताते हैं

4) ये सभी

**ग) 'हरे–भरे पेड़–पौधे किसे अच्छे नहीं लगते'| इस वाक्य में विशेषण है -**

1) पेड़ –पौधे

2) हरे-भरे (√)

3) किसे

4) लगते

**घ) ' साक्षी मूर्ख लड़की है'| इस वाक्य में विशेषण हैं-**

1) साक्षी

2) लड़की

3) है

4) मूर्ख (√)

**प्रश्न-2 विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता किन आधारों पर बताते हैं?**

उत्तर विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम के गुण, दोष, अवस्था, माप-तोल और संख्या के आधार पर बताते हैं|

**प्रश्न-3 विशेष्य किसे कहते हैं? उदाहरण सहित उत्तर दीजिए |**

उत्तर विशेषण शब्द जिन संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताते हैं, वे विशेष्य कहलाते हैं| आसमान में सतरंगा इन्द्रधनुष दिखाई दे रहा है – इस वाक्य में इन्द्रधनुष संज्ञा है और सतरंगा उसकी विशेषता अर्थात इन्द्रधनुष विशेष्य है |

**प्रश्न-4 निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण और विशेष्य शब्द छाँटकर लिखिए :-**

| | | विशेषण | विशेष्य |
|---|---|---|---|
| क) | वह मोटी पुस्तक लेकर आया| | मोटी | पुस्तक |
| ख) | उसने लाल टोपी पहनी है| | लाल | टोपी |
| ग) | इस लंबी रस्सी का क्या करेंगे? | लंबी | रस्सी |
| घ) | मैंने एक बूढ़ी महिला को देखा| | बूढ़ी | महिला |
| ड.) | तुम चार किलो चीनी ले आओ| | चार किलो | चीनी |

**प्रश्न-5 उचित विशेषण शब्द से निम्नलिखित वाक्य पूरे कीजिए :-**

क) गोलू **सुन्दर** बालक है|

ख) मेरे पास **दो** केले हैं|

ग) उसने **एक** बिल्ली पाली है|

घ) हमारा झंडा **तिरंगा** है|

ड.) मुझे **मीठा** आम पसंद है |

च) आसमान में **काले** बादल हैं|

**प्रश्न-6 निम्नलिखित चित्रों के लिए उचित विशेषण लिखिए :-**

लाल गुलाब    काला छाता    चार केले

मोटा हाथी    पाँच कबूतर    सुंदर गुडिया

## विषय :क्रिया

**प्रश्न-1 सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

**क) क्रिया कहते हैं-**

1) शब्द के जिस रूप से किसी काम के करने या होने का बोध हो (√)

2) शब्द के जिस रूप से संख्या का पता चले

3) शब्द के जिस रूप से उसकी स्त्री व पुरुष जाति के होने का पता चले

4) उपर्युक्त सभी

**ख) 'आकाश में बादल छाए हैं|' इस वाक्य में क्रिया –शब्द है -**

1) आकाश

2) बादल

3) छाए हैं (√)

4) हैं

**ग) सुषमा सोती रहती है | रेखांकित क्रिया है -**

1) एक शब्द वाली

2) अनेक शब्द वाली (√)

3) क्रिया ही नहीं है

4) इनमें से कोई नहीं

**घ) वाक्य में प्रयुक्त क्रिया का रूप किनके आधार पर बदल जाता है -**

1) लिंग के आधार पर

2) वचन के आधार पर

3) 1) व 2)दोनों (√)

4) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न-2 क्रिया किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए |**

उत्तर जिन शब्दों से किसी काम के होने या करने का बोध हो, उन्हें क्रिया कहते हैं| उदाहरण: पढ़ना ,खेलना आदि |

**प्रश्न-3 एक शब्द की और अनेक शब्दों की क्रिया के दो-दो उदाहरण सहित लिखिए |**

उत्तर

| **एक शब्द की क्रिया** | **अनेक शब्द की क्रिया** |
|---|---|
| 1) लक्ष्मण नाचा\| | 1) बारिश हो रही है \| |
| 2) बंदर कूदा\| | 2) तृप्ति तेज़ दौड़ रही है\| |

**प्रश्न-4 निम्नलिखित क्रिया –शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए -**

लिख- मैं पत्र लिख रही हूँ |

पढ़ – सोहन समाचार–पत्र पढ़ रहा है|

कूद – मेंढक नदी में कूद रहे हैं|

जा – रमेश गाँव जा रहा है|

भाग- पुलिस को देखकर चोर भाग गया|

खा – सीमा आम खा रही है|

**प्रश्न-5 निम्नलिखित वाक्यों में से क्रियाएँ छाँटकर लिखिए -**

क) पुजारिन पूजा कर रही है| **कर रही है|**

ख) दादा जी अखबार पढ़ रहे हैं| **पढ़ रहे हैं|**

ग) तनिष्का चित्र बना रही है| **बना रही है|**

घ) गज़ल पूरियाँ तल रही है| **तल रही है|**

ड.) आसिफ़ा आइसक्रीम खा रही है| **खा रही है|**

च ) प्रवीण गेंदबाज़ी कर रहा है| **कर रहा है|**

**प्रश्न-6 कोष्ठकों में दी गई क्रिया के उचित रूप से वाक्य पूरा कीजिए :-**

क) सुमन मेज़ पर पुस्तक रख रही है|

ख) बच्चों ने पतंग उड़ाई|

ग) मैंने खाना खा लिया|

घ) माँ फ़िल्म देखने गई हैं |

ड.) रामू पानी का गिलास लाया|

च ) बच्चे प्रार्थना गा रहे हैं |

**प्रश्न-7 कोष्ठकों में दिए गए क्रिया-शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-**

क) रामदीन फल बेच रहा है|

ख) डाकिया पत्र लाया है|

ग) खाना खाकर हाथ <u>धो लो</u>|

घ) हम अतुल के घर <u>जाएँगे</u>|

ड ) दिनेश सुंदर चित्र <u>बनाता है</u>|

च ) दर्ज़ी कपड़े <u>सिलेगा</u> |

छ) रमेश सुंदर वस्त्र <u>पहनेगा</u>|

## क्रियात्मक कार्य

### विषय : अपठित पद्यांश

*** पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

यहीं हिमालय–सा पहाड़ है ,
यहीं गंगा की धारा है |
यमुना लहराती है सुंदर
भारत कितना प्यारा है ||

फलों–फूलों से भरी भूमि है ,
खेतों में हरियाली है|
आमों की डाली पर बैठी ,
गाती कोयल काली है ||

बच्चों, माँ ने पाल–पोसकर
तुमको बड़ा बनाया है
लेकिन यह मत भूलो तुमने
अन्न कहाँ का खाया है ||

**क) इस देश में किसकी धारा बहती है ?**

उत्तर इस देश में गंगा की धारा बहती है |

**ख) भारत की भूमि किससे भरी हुई है ?**

उत्तर भारत की भूमि फलों–फूलों से भरी हुई है |

**ग) आमों की डाली पर बैठकर कौन गीत गाता है ?**

उत्तर आमों की डाली पर बैठकर कोयल गीत गाती है|

**घ)** **किसने बच्चों को पाल–पोसकर बड़ा किया है ?**

उत्तर **माँ ने** बच्चों **को पाल–पोसकर बड़ा किया है|**

**ड.)** **पद्यांश में किन-किन नदियों का उल्लेख किया गया है ?**

उत्तर गंगा और युमना |

**च)** **विलोम शब्द लिखिए-**

1) छोटा × बड़ा

2) खाली × भरी

## पत्र लेखन

## अनौपचारिक पत्र

**स्वच्छता का महत्त्व बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए :-**

बी -101, मानसी टावर
राजस्थान हॉस्पिटल के आगे
शाहीबाग ,अहमदाबाद

दिनांक : _ अगस्त 2020

प्रिय मित्र अमन,
नमस्कार ,

मै यहाँ कुशलपूर्वक हैं और ईश्वर से तुम्हारे और तुम्हारे परिवार की कुशलता की मंगल कामना करता हूँ| तुमने अपने पत्र में बताया कि तुम्हारे पास की सोसाइटी में डेंगू बीमारी से तीन लोगों की मृत्यु हो गई है| पढ़कर बहुत दुःख हुआ | मित्र डेंगू फैलने का सबसे बड़ा कारण है आसपास की जगह का अस्वच्छ होना| गंदगी बीमारियों का घर है| अतः हमें आसपास की जगहों को स्वच्छ रखना चाहिए तथा घर के भीतर भी कूलर में भरे पानी की स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए जिससे हम कीटाणु और मच्छर से बच सकें|

इसी के साथ मैं अपना पत्र समाप्त करता हूँ| आशा है कि तुम्हें मेरी बात समझ में आई होगी| अंकल आंटी को मेरा प्रणाम कहना तथा चिंटू को प्यार देना|

तुम्हारा दोस्त
कुश

अभ्यास हेतु

पिताजी ने आपको नई साइकिल दिलवाई है| उसी के बारे में बताते हुए अपने मित्र  को पत्र लिखिए |

# SAMPLE NOTEBOOK OF JULY MONTH

कक्षा : चार (पाठ्यपुस्तक - नई उड़ान)

**पाठ 4 ऋतुराज**

**शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

| **शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|
| डारी | डाली, डाल |
| ऋतुराज | ऋतुओं का राजा |
| न्यारी | अलग, भिन्न |
| फुलवारी | फूलों का बाग |

- **वाक्य रचना**

1) डारी - मैंने फूलों की डारी तोड़ी|

2) फुलवारी - मेरा घर उस फुलवारी के पीछे है|

**प्रश्न-1 प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**क) बसंत में क्या-क्या होता है?**

उत्तर बसंत ऋतु के आने से सरसों की क्यारी खिल जाती है, फुलवारी फूलों से सज जाती है तथा चारों ओर बहार छा जाती है| वनस्पति और प्राणी जगत में नई चेतना आ जाती है|

**ख) कोयल कब कुहुक उठती है?**

उत्तर नभ में इन्द्रधनुष की लाली को देखकर कोयल कुहुक उठती है |

**ग) गेहूँ की बाली कब लहलहा उठती है?**

उत्तर बसंत ऋतु के आने पर गेहूँ की बाली लहलहा उठती है|

**घ) बसंत ऋतु में उपवन की शोभा कैसी हो जाती है?**

उत्तर बसंत ऋतु में उपवन की शोभा निराली हो जाती है|

**प्रश्न-2 कविता की पंक्तियाँ पूरी करो :-**

लहलहाती खेतों की बाली

उपवन की है शोभा निराली

नभ में इन्द्रधनुष की लाली

कुहू उठी कोयलिया काली

खिल उठी सरसों की क्यारी

फूलों से सज उठी फुलवारी

**प्रश्न-3 सही वाक्य पर √ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

क) शरद ऋतु में कोयल कुहू-कुहू करती है| (×)

ख) बसंत ऋतु में बागों की शोभा बढ़ जाती है| (√ )

ग) बसंत ऋतु में गेहूँ की बालियाँ लहलहाती हैं| (√)

घ) बसंत ऋतु में सखियाँ सावन के गीत गा रही हैं| (×)

**प्रश्न-4 सही उत्तर पर √ का निशान लगाओ :-**

**क) बसंत ऋतु आने पर किस वृक्ष की डाली झुक जाती है?**

1)आम की (√) 2) पीपल की 3) नीम की 4)अमरूद की

**ख) तितली किस पर इठला रही है?**

1) माली पर 2) बसंत पर 3) फूलों पर (√) 4) कोयल पर

**ग) सखियाँ किसके गीत गा रही है?**

1) ऋतुराज (√) 2) खुशहाली 3) फागुन 4) फुलवारी

**घ) किसकी शोभा न्यारी है?**

1)फागुन 2) ऋतुराज (√) 3) उपवन 4) नभ

* **भाषा की दुनिया**

**प्रश्न-1 नीचे लिखे वाक्यों में कारक का सही प्रयोग करो :-**

क) आम की बौरों **से** डाली झुक गई है|

ख) नभ **में** इन्द्रधनुष की लाली छाई है|

ग) सखियाँ बसंत **के** गीत गा रही हैं|

घ) फूलों **पर** तितली मँडरा रही है|

**प्रश्न-2 नीचे लिखे शब्दों का वर्ण-विच्छेद करो (omit)**

**प्रश्न-3 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखो :-**

क) उपवन - बगीचा

ख) छटा - आभा

ग) ऋतु - मौसम

घ) न्यारी- अलग

ड.) डारी - डाली

च) नभ - आकाश

## पाठ 5 जैसे को तैसा

**शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

| **शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|
| भिक्षा | भीख |
| गुज़ारा | निर्वाह |
| सेर | किलो |
| छलावा | धोखा |

- **वाक्य रचना**

**1) हरिदास भिक्षा माँगकर अपना गुज़ारा करता था|**

**2) हमें कभी भी किसी के साथ छलावा नहीं करना चाहिए|**

**प्रश्न-1 प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**क) हरिदास कैसा व्यक्ति था?**

उत्तर हरिदास चालाक और ठग व्यक्ति था|

**ख) हरिदास ने घोड़े और कुत्ते में किसको श्रेष्ठ बताया?**

उत्तर हरिदास ने घोड़े और कुत्ते में से कुत्ते को श्रेष्ठ बताया|

**ग) हरिदास ने दुकानदार को क्या तर्क दिया?**

उत्तर हरिदास ने दुकानदार को तर्क देते हुए कहा कि "चखने के बाद लगा कि तुम्हारी चीजों से पेट ख़राब हो जाएगा, इसलिए जब मैंने चीज़ खरीदी ही नहीं तो पैसे किस बात के?"

**घ) हरिदास ने बुढ़िया को कैसे मूर्ख बनाया?**

उत्तर हरिदास ने घोड़े की लीद में कुछ रुपए मिलाकर बुढ़िया से कहा कि देखो मेरा घोड़ा रुपयों की लीद करता है| अस्तबल में जाकर बुढ़िया ने लीद में रूपए देखे तो लालच में आकर उसने वह घोड़ा हरिदास से खरीद लिया और वह मूर्ख बन गई|

**ड़) हरिदास को कैसे सबक मिला?**

उत्तर मुखिया के रूप में डाकू मंगलसिंह ने हरिदास को चाकू निकालकर डराया और उसके पास से सारा माल ले लिया जिससे उसको सबक मिल गया|

**प्रश्न-2 सही वाक्य पर √ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

**क)** हरिदास भिक्षा माँगकर गुज़ारा करता था| (√)

**ख)** अफसर ने छड़ी से अपने घोड़े को पीटा| (×)

**ग)** कुत्ता हरिदास को काटकर भाग गया| (×)

**घ)** बुढ़िया ने हरिदास को रहने के लिए जगह दी| (√)

ङ) डाकू ने हरिदास के पास से सारा माल ले लिया| (√)

**प्रश्न-3 दिए गए शब्दों में से सही शब्द भरकर वाक्य पूरे करो :-**

**क)** सुनंदा को हरिदास के छलावे पर **क्रोध** आ गया|

**ख)** हरिदास जैसे **ठग** को सबक मिल गया|

**ग)** वह **शान** से घोड़े पर बैठकर चला गया|

**घ)** मैं तुम्हें इस घोड़े की **मुँहमाँगी** कीमत दूँगी|

**ङ)** कभी सुना है कि घोड़ा रुपयों की **लीद** देता है|

**प्रश्न-4 सही उत्तर पर √ का निशान लगाओ :-**

**क)** सुनंदा ने हरिदास को कितने रुपये दिए?

(1) एक हज़ार (2) दो हज़ार(√) (3) तीन हज़ार (4) चार हज़ार

**ख)** हरिदास घोड़े पर सवार होकर कंहाँ गया?

(1) रामनगर (√) (2) उज्जैन (3) कानपुर (4) दिल्ली

**ग)** हरिदास ने घोड़े को किसके हाथ बेचा?

(1) सुनंदा के (2) मुखिया के (3) बुढ़िया के (√) (4) अफ़सर के

**घ)** मुखिया बना आदमी वास्तव में क्या था?

(1) डाकू (√) (2) अफ़सर (3) नौकर (4) दुकानदार

**भाषा की बात**

**प्रश्न 1 नीचे लिखे शब्दों में सही जगह पर अनुस्वार या चंद्रबिंदु लगाओ-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| माँ | गाँव | कहाँ | कुआँ |
| गाँधी | आँधी | मुँहमाँगी | हँड़िया |

**प्रश्न 2 निम्नलिखित का सही विकल्प चुनिए :-**

**क) कौन-सा वाक्य वर्तमानकाल का है?**

उत्तर डाकू हरिदास से सारा माल ले लेता है|

**ख) कौन-सा वाक्य भूतकाल का है?**

उत्तर उसने खाने-पीने की चीज़ों के भाव पूछे|

**ग) कौन-सा वाक्य भविष्यकाल का है?**

उत्तर हरिदास घोड़े को बेचेगा|

**घ) 'भिक्षा' शब्द का तद्भव है-**

उत्तर भीख

**ङ) 'घर' शब्द का तत्सम रूप है-**

उत्तर गृह

**च) 'घोटक' शब्द का तद्भव रूप है-**

उत्तर घोड़ा

व्याकरण

वचन

**प्रश्न-1 सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

**क) वचन के प्रकार होते हैं-**

1) दो (√ )
2) तीन
3) चार
4) पाँच

**ख) जूता का बहुवचन हैं-**

1) जूतें
2) जूतियाँ
3) जूते (√ )
4) ये सभी

**ग) 'मिठाई ' का बहुवचन रूप हैं-**

1) मिठाइयाँ (√ )
2) मिठाईयाँ
3) मिठाई
4) मिठाईयों

**घ) वचन कहते हैं-**

1) शब्द के उस रूप को जिससे उसके एक या अनेक होने का पता चले (√ )
2) संख्या (1 से 100 तक) को
3) पाठ पढ़ने को
4) उपर्युक्त सभी को

**प्रश्न-2 वचन के कितने प्रकार होते हैं? प्रत्येक के दो-दो उदाहरण लिखिए :-**

उत्तर वचन के दो प्रकार होते हैं| एकवचन - बेटा ,कमरा और बहुवचन -बेटे ,कमरे|

**प्रश्न-3 निम्नलिखित वाक्यों को बहुवचन में बदलकर लिखिए :-**

| | | |
|---|---|---|
| क) | कमरे में पंखा लगा हुआ है| | कमरे में पंखे लगे हुए हैं |
| ख) | अलमारी में पुस्तक रख दो| | अलमारी में पुस्तकें रख दो| |
| ग) | नदी बह रही है| | नदियाँ बह रही हैं| |
| घ) | यह पत्ता सूख गया है | ये पत्ते सूख गए हैं| |
| ड.) | लड़की गज़ल गा रही है| | लड़कियाँ गज़लें गा रही हैं| |

**प्रश्न-4 कोष्ठक में दिए गए शब्दों के सही वचन भरकर वाक्यों को पूरा कीजिए :-**

| | | |
|---|---|---|
| क) | डहेलिया के पौधे पर कलियाँ खिली हैं । | (कली) |
| ख) | धोबिन कपडे धो रहीं हैं| | (कपड़ा) |
| ग) | लड़के मैदान में दौड़ रहे हैं| | (लड़का) |
| घ) | बन्दर दो केले खा गया| | (केला) |
| ड.) | हलवाई समोसे बना रहा है| | (समोसा) |
| च) | उसने जलेबियाँ बना ली हैं| | (जलेबी) |

**प्रश्न-5 निम्नलिखित शब्दों में से एकवचन तथा बहुवचन शब्द अलग-अलग करके लिखिए-**

**कक्षा , डिब्बे , नदियाँ ,पत्तियाँ, अच्छाई , कठिनाइयाँ ,पत्ता , तिथियाँ, खिड़की, पतंग, रसगुल्ला ,मुर्गे**

| **एकवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|
| कक्षा | डिब्बे |
| पत्ता | नदियाँ |
| खिड़की | पत्तियाँ |
| पतंग | कठिनाइयाँ |
| रसगुल्ला | तिथियाँ |
| अच्छाई | मुर्गे |

## व्याकरण

## विषय: सर्वनाम

**प्रश्न-1 सही विकल्प छाँटिए -**

**क) सर्वनाम शब्दों के उदाहरण हैं-**

1) मैं, हम, तुम, वह आदि
2) कोई, कुछ, कौन, किसका आदि
3) जैसा-वैसा, जो-सो आदि

4) ये सभी (√ )

**ख) संज्ञा, शब्दों के बदले प्रयोग किए जाने वाले शब्द कहलाते हैं-**

1) सर्वनाम (√ )

2) वचन

3) लिंग

4) ये सभी

**ग) ‘ कोई, कुछ ’ शब्द प्रयोग किए जाते हैं-**

1) प्रश्न पूछने के लिए

2) अपने लिए

3) अनिश्चित व्यक्ति या वस्तु के लिए (√ )

4) सभी के लिए

**प्रश्न-2 निम्नलिखित वाक्यों में उचित सर्वनाम भरकर वाक्य पूरा कीजिए :-**

क) **मैं** क्रिकेट खेलता हूँ| (मेरा / मैं / हम)

ख) **वह** तुम्हें बुला रहा था| (तुम / वह / वे)

ग) **आप** यहाँ कब आओगे? (उसे / आप / वह)

घ) बाहर **कोई** खड़ा है| (क्या / कोई / कुछ)

**प्रश्न-3 निम्नलिखित सर्वनामों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :-**

क) मुझे - मुझे नींद आ रही है|

ख) तुम - तुम भी मेरे साथ चलो|

ग) यह - यह पुस्तक मेरी है|

घ) कोई -खिड़की से कोई मुझे देख रहा था|

**प्रश्न-4 निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों के स्थान पर सर्वनाम शब्द लिखकर शुद्ध वाक्य बनाइए-**

**क)** विवेक कहानी पढ़ रहा है| विवेक के साथ विवेक का मित्र भी कहानी पढ़ रहा है|

उत्तर **विवेक कहानी पढ़ रहा है| उसके साथ उसका मित्र भी कहानी पढ़ रहा है|**

**ख)** आकांक्षा ने कहा कि आकांक्षा को आकांक्षा की मम्मी बुला रही है|

उत्तर **आकांक्षा ने कहा कि उसे उसकी मम्मी बुला रही है|**

**ग)** तुहिना ने तुहिना की मम्मी से कहा कि तुहिना तुहिना के भाई के साथ घूमने जाएगी|

उत्तर **तुहिना ने अपनी मम्मी से कहा कि वह अपने भाई के साथ घूमने जाएगी|**

**घ)** मनीष बाज़ार से मनीष के लिए और मनीष के भाई के लिए चॉकलेट लाया है|

उत्तर **मनीष बाज़ार से अपने और अपने भाई के लिए चॉकलेट लाया है|**


**ङ)** शुभि ने शुभि की पुस्तक शुभि की सहेली को दी|

उत्तर **शुभि ने अपनी पुस्तक अपनी सहेली को दी |**

## क्रियात्मक कार्य

## **चित्र वर्णन**

- **नीचे दिए गए चित्र को देखकर 50 से 60 शब्दों में वर्णन कीजिए :-**



यह एक भारत के रेलवे स्टेशन का चित्र है| यहाँ पर काफ़ी चहल-पहल है| कुछ यात्रीगण बेसब्री से अपनी रेलगाड़ी की प्रतीक्षा कर रहे हैं| तीन पुरुष और एक महिला अपने सामान के साथ प्लेटफार्म पर खड़े हैं| दो लोग प्लेटफार्म पर रखी सीट पर बैठकर अख़बार पढ़ रहे हैं | रेलगाड़ी का रंग पीला है| एक चाय की स्टॉल भी नज़र आ रही है| कुली यात्रियों का सामान उठाकर स्टेशन के बाहर जाते हुए दिखाई दे रहा है| स्टेशन की घड़ी में सुबह के 8:00 बज रहे हैं| प्लेटफार्म स्वच्छ दिखाई दे रहा है| स्टेशन के दूसरी तरफ़ हरियाली नज़र आ रही है|

## अनौपचारिक पत्र

**दादा - दादी जी को अपने विद्यालय के विषय में बताते हुए पत्र लिखिए :-**

ए -15 ,धनंजय टावर

सरस्वती एन्क्लेव के पीछे

अहमदाबाद

दिनांक : _ जुलाई 2020

आदरणीय दादा जी -दादी जी
सादर चरण स्पर्श
हम सब यहाँ कुशलपूर्वक हैं और ईश्वर से आपकी कुशलता की मंगल कामना करते हैं| दादा जी, मेरा विद्यालय बहुत-ही अच्छा है| मेरे विद्यालय का नाम दिल्ली पब्लिक स्कूल, गांधीनगर है| यह गांधीनगर का सबसे उत्तम विद्यालय है| यहाँ सभी बच्चे खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हैं और खेलों में भाग भी लेते हैं| हमारे विद्यालय में अनुशासन का बहुत ध्यान रखा जाता है| सभी विद्यार्थी स्वच्छ एवं साफ़-सुथरी यूनीफार्म पहनकर आते हैं| अध्यापिकाएँ खूब मन से पढ़ाती हैं और बच्चे भी मन लगाकर पढ़ते हैं| मैं अपने नए विद्यालय में बहुत खुश हूँ| आप दोनों अपनी सेहत का ध्यान रखना| इसी के साथ मैं अपने पत्र का समापन करता हूँ|पत्र का जवाब जल्दी देना|

आपका पोता
समर्थ शर्मा

अभ्यास हेतु - आपकी सहेली कक्षा में प्रथम आई है| अपनी ख़ुशी व्यक्त करते हुए उसे पत्र लिखिए|

## *SAMPLE NOTEBOOK of JUNE MONTH*

कक्षा : चार (पाठ्यपुस्तक - नई उड़ान)

### पाठ -3 विपुल की सूझ

**शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं भी दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1 | हतप्रभ | हैरान |
| 2 | प्रवचन | उपदेश |
| 3 | चश्मदीद | आँखों देखा |
| 4 | सकपकाना | हिचकना |

- **वाक्य रचना**

**1)** चश्मदीद – कानून चश्मदीद गवाह चाहता है|

**2)** प्रवचन - गुरुजी अभी प्रवचन दे रहे हैं|

**प्रश्न-1 प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**क) विपुल कैसा लड़का था?**

उत्तर विपुल गाँव का बहुत ही समझदार लड़का था|

**ख) साधु क्यों सकपका गया?**

उत्तर जब विपुल ने योगी के वेश में ढोंगी साधु से यह कहा कि “आज तुम हमें यों आश्चर्य से क्यों देख रहे हो? क्या हमें नहीं पहचाना? यह सुनकर साधु सकपका गया|

**ग) विपुल ने क्या निश्चय किया?**

उत्तर विपुल ने निश्चय किया कि वह अब किसी से कुछ नहीं कहेगा और इस धूर्त, ढोंगी साधु की सच्चाई स्वयं सबके सामने उजागर करेगा|

**घ) विपुल ने गाँव में विद्यालय खुलवाने की घोषणा क्यों की?**

उत्तर विपुल ने गाँव में विद्यालय खुलवाने की घोषणा इसलिए की ताकि कोई बच्चा बड़ा होकर अंधश्रद्धा का शिकार न हो और शिक्षित होकर अपना विवेक जागृत कर सकें|

**ड.) हमें अंधश्रद्धा क्यों नहीं रखनी चाहिए?**

उत्तर हमें अंधश्रद्धा नहीं रखनी चाहिए क्योंकि अंधश्रद्धा के कारण हम सही या गलत का निर्णय नहीं कर पाते जिसके कारण हमें पछताना पड़ता है|

**प्रश्न-2 सही वाक्य पर √ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

क) विपुल एक आवारा लड़का था| (×)

ख) पीपल वाले बाबा एक ऋषि थे| (√ )

ग) गाँव वालों ने विपुल को बधाइयाँ दी और सम्मानित किया| (√)

घ) पूरा कैसेट सुनते ही सब लोग झूम उठे| (×)

ङ.) हमें सोच समझकर ही किसी पर विश्वास करना चाहिए| (√ )

**प्रश्न-3 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए :-**

**योजना , शिक्षित , हराम**
**पुरस्कार , तत्काल**

क) ढोंगी साधु तत्काल योगी के चरणों में गिर पड़ा|

ख) विपुल ने अपनी योजना से सबकी आंखें खोल दी|

ग) साधु बने डाकू क्रूर सिंह की नींद हराम हो गई|

घ) विपुल को पुरस्कार देने की घोषणा हुई|

ङ.) हमें शिक्षित होकर अपना विवेक जागृत रखना चाहिए|

**प्रश्न-4 सही उत्तर पर √ का निशान लगाओ :-**

**क) साधु के षडयंत्र का चश्मदीद गवाह कौन था?**

1) श्यामू 2) विपुल (√) 3) पंडित 4) कोई नहीं

**ख) विपुल ने कैसे वस्त्र धारण किए थे?**

1)गेरुए (√) 2) काले 3) सफ़ेद 4) पीले

**ग) ढोंगी साधु वास्तव में क्या था?**

1) पुलिस 2) डाकू (√) 3) नेता 4) भिखारी

**घ) सरकार ने विपुल को कितना इनाम दिया?**

1) 5 हज़ार 2) 10 हज़ार(√) 3) 25 हज़ार 4) 50 हज़ार

**ङ.) 'मुझे तुम पर गर्व है|' यह वाक्य किसने कहे?**

1) माँ ने (√) 2) बेटे ने 3) चाचा ने 4) अध्यापिका ने

*** भाषा की दुनिया**

**प्रश्न-1 नीचे लिखे शब्दों के अनेकार्थी लिखो :-**

**क) आम** → साधारण, एक फल

**ख) भेंट** → उपहार, मुलाकात

ग) **मरम्मत**
- पिटाई
- किसी भी चीज़ को सुधारना

घ) **गुरु**
- शिक्षक
- एक ग्रह का नाम

ड.) **बस**
- इतना -सा
- गाड़ी

च) **वत्स**
- बछड़ा
- पुत्र

**प्रश्न-2 पाठ में से कुछ युग्म शब्द ढूँढ़कर लिखिए :-**

क) बड़े-बुजुर्ग

ख) जल्दी-जल्दी

ग) लम्बा-चौड़ा

घ) पढ़-लिख

**प्रश्न-3 उस शब्द पर घेरा ◯ लगाओ जो समानार्थी नहीं है :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क) | दिन - | वासर | वार | वर्ष (√) | दिवस |
| ख) | वृक्ष - | पेड़ | पादप | तरु | लता (√) |
| ग) | जंगल - | वन | गगन (√) | कानन | अरण्य |
| घ) | खून - | रक्त | पानी (√) | लहू | शोणित |

**प्रश्न-4 सही वर्तनी पर गोला ◯ लगाओ :-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क) | ऋषि (√) | ऋषी | रीषि | रिषी |
| ख) | आशचय | आश्चर्य (√) | आश्चार्य | आस्चर्य |
| ग) | दृष्य | दृस्य | दृश्य (√) | द्रश्य |
| घ) | गड्डा | गड्ढ़ा | गड्ढा (√) | गड्ड़ा |

# व्याकरण

## विषय: लिंग

**प्रश्न-1 सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

**क) लिंग कहते हैं-**

1) पुल्लिंग को
2) स्त्रीलिंग को
3) शब्द के उस रूप को जिससे उसके पुरुष या स्त्री जाति के होने का पता चले (√)
4) इनमें से कोई नहीं

**ख) लिंग के प्रकार हैं-**

1) दो (पुल्लिंग व स्त्रीलिंग) (√)
2) तीन (पुल्लिंग ,स्त्रीलिंग , अप्राणीवाचक)
3) 1) व 2) दोनों सही
4) इनमें से कोई नहीं

**ग) कवि का स्त्रीलिंग है-**

1) लेखिका
2) अभिनेत्री
3) कवयित्री (√)
4) शिक्षिका

**घ) छात्र का स्त्रीलिंग है-**

1) छात्रों
2) छात्रा (√)
3) छात्रो
4) बालिका

**प्रश्न-2 पुल्लिंग की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए :-**

उत्तर पुरुष जाति का बोध करने वाले शब्द पुल्लिंग कहलाते हैं| उदाहरण लड़का, पहाड़ आदि|

**प्रश्न-3 स्त्रीलिंग की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए :-**

उत्तर स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं| उदाहरण लड़की, रस्सी आदि|

**प्रश्न-4 निम्नलिखित अप्राणीवाचक शब्दों का लिंग पहचानकर उन्हें अलग-अलग लिखिए-**

**गमला, पुस्तक, मेज़ ,पेड़ , पत्ता, डाली, ताला , तबला ,रात ,दिन ,कुरसी ,नदी**

| **पुल्लिंग** | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|
| गमला | पुस्तक |

| | |
|---|---|
| पेड़ | मेज़ |
| ताला | डाली |
| तबला | रात |
| दिन | कुरसी |
| पत्ता | नदी |

**प्रश्न-5 निम्नलिखित शब्दों के लिए लिंग परिवर्तन करके फिर से लिखिए :-**

| | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|---|---|
| क) | बूढ़ा | बुढ़िया | ख) | बादशाह | बेगम |
| ग) | बाघ | बाघिन | घ) | माली | मालिन |
| ड.) | छात्र | छात्रा | च) | ऊँट | ऊँटनी |
| छ) | नाग | नागिन | ज) | कवि | कवयित्री |
| झ) | मोर | मोरनी | | | |

**प्रश्न-6 लिंग परिवर्तन कर वाक्य फिर से लिखिए :-**

| | | |
|---|---|---|
| क) | माता जी बाज़ार गई हैं| | पिता जी बाज़ार गए हैं| |
| ख) | अध्यापक कक्षा में आए| | अध्यापिका कक्षा में आईं| |
| ग) | नौकर काम कर रहा है| | नौकरानी काम कर रही है| |
| घ) | पुजारी जी पूजा कर रहे हैं| | पुजारिन जी पूजा कर रही हैं| |
| ड.) | दादा जी आए हैं| | दादी जी आईं हैं| |
| च) | गायक गाना गाता है| | गायिका गाना गाती है| |
| छ) | नानी जी कहानी सुनाती हैं| | नाना जी कहानी सुनाते हैं| |
| ज) | मोटा बंदर नाच रहा है| | मोटी बंदरिया नाच रही है| |
| झ) | लड़का कार चला रहा है| | लड़की कार चला रही है| |
| ञ) | गायिका गीत गा रही है| | गायक गीत गा रहा है| |

क्रियात्मक कार्य

## चित्र वर्णन

- **नीचे दिए गए चित्र को देखकर 50 से 60 शब्दों में वर्णन कीजिए :-**




यह चित्र एक सुंदर से उपवन का है| उपवन बहुत ही हरा-भरा है| इस उपवन में एक लड़का साइकिल चला रहा है | उपवन में कई तरह के रंग-बिरंगे फूल खिले हुए हैं | एक लड़का फुटबॉल से खेल रहा है| एक लड़का अपने छोटे भाई को साइकिल चलाने में मदद कर रहा है| एक आंटी अपने बच्चे के साथ उपवन की बेंच पर बैठ कर कुछ कह रही है| एक लड़की मज़े से स्केटिंग कर रही है| उपवन में कई बड़े-बड़े पेड़ हैं जो इस उपवन की शोभा बढ़ाते हैं| उपवन के पीछे लाल और नीले रंग के दो घर दिखाई दे रहे हैं| मौसम सुहावना है| बच्चे खुशी-खुशी खेल रहे हैं|

# Sample Notebook

**कक्षा : चार (पाठ्यपुस्तक - नई उड़ान)**

पाठ -1 काम हमारे बड़े - बड़े

शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं भी दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1 | आशीष | आशीर्वाद |
| 2 | सतरंगा | सात रंगों का |
| 3 | असुर | राक्षस |
| 4 | महायुद्ध | बड़ी लड़ाई |

- **वाक्य रचना**

1) **असुर** - राम ने असुर का वध किया था|

2) **सतरंगा** - वर्षा ऋतु के समय आसमान में सतरंगा इन्द्रधनुष दिखाई देता है|

**प्रश्न-1 प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**क) बच्चे और उनके काम कैसे हैं?**

उत्तर बच्चे छोटे-छोटे हैं और उनके काम बड़े बड़े हैं|

**ख) भरत के रूप में बच्चों ने क्या किया था?**

उत्तर भरत के रूप में बच्चों ने शेरों के दाँत गिने थे|

**ग) आज़ादी के महायुद्ध में बच्चे कहाँ थे?**

उत्तर आज़ादी के महायुद्ध में बच्चे सबसे आगे थे|

**घ) जन-गन-मन का आशीष बच्चे कैसे लेते हैं?**

उत्तर जन-गन-मन का आशीष बच्चे हाथी पर चढ़ कर लेते हैं|

***पाठ्यपुस्तक कार्य***

**प्रश्न-2** कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए - विद्यार्थी स्वयं करेंगे|

**प्रश्न-3 सही वाक्य पर √ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

क) बच्चों के तीर फूलों में गड़े हैं| (×)

ख) भरत ने बचपन में शेर के दाँत गिने थे| (√ )

ग) बापू के बिगुल बजाने पर कोई भी नहीं जागा| (×)

घ) गणतंत्र दिवस की परेड बच्चों से ही सजती है| (√ )

ड.) वीर बालकों की झाँकी पर खूब तालियाँ बजती हैं| (√ )

**प्रश्न-4 सही उत्तर पर √ का निशान लगाओ :-**

**क) आसमान का चाँद बच्चों ने कहाँ उतारा था?**

1) नदी में 2) धरती पर 3) थाली में (√ ) 4) किताब में

**ख)** **बच्चों ने किस धनुष को अपना बताया ?**

1)चाँदी के 2) लकड़ी के 3) सोने के 4) इन्द्रधनुष के(√ )

**ग)** **किस रूप में बच्चों ने असुरों के दाँत खट्टे किए थे?**

1) राम रूप(√ ) 2) गाँधी रूप 3) भरत रूप 4) ये सभी

**घ)** **बच्चों ने किसके लिए कष्ट सहे?**

1) माँ के लिए 2) खिलौने के लिए 3) झंडे के लिए(√ ) 4) पिता के लिए

* **भाषा की दुनिया**

**प्रश्न-1 नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :-**

क) बच्चे × बूढ़े

ख) आसमान × ज़मीन

ग) छोटे × बड़े

घ) आज़ादी × गुलामी

ड.) असुर × सुर

च) खट्टे × मीठे

**प्रश्न-2 नीचे लिखे शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

क) थाली- मैंने थाली में खाना खाया|

ख) धनुष - सुर ने धनुष और तीर से असुर पर वार किया|

ग) बापू - महात्मा गाँधी को सभी लोग प्यार से बापू पुकारते थे|

घ) तालियाँ - तालियों की आवाज़ से मेरी सहेली का आत्मविश्वास बढ़ गया|

**प्रश्न-3 वर्ग की सहायता से पर्यायवाची शब्द लिखिए :-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| दि | न | भ | दिव | स्वा |
| --- | रा | क्ष | स | धी |
| आ | चं | द्र | मा | न |
| का | स्व | तं | त्र | ता |
| श | शि | दै | त्य | था |

क) चाँद - चंद्र, शशि

ख) असुर - राक्षस, दैत्य

ग) आज़ादी - स्वतंत्रता, स्वाधीनता

घ) वार - दिन, दिवस

ड.) आसमान - आकाश, नभ

## पाठ - 2 नारी शक्ति की प्रतीक - कृष्णा

* शब्दों के अर्थ लिखकर किन्हीं भी दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1 | मौका | अवसर |
| 2 | कर्ज़ | उधार राशि |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | मशहूर | प्रसिद्ध |
| 4 | उम्मीद | आशा |

- **वाक्य रचना**

**1)मौका** - आज मुझे मंच पर जाने का अवसर मिला|

**2)मशहूर** - कुतुबमीनार दिल्ली की मशहूर और ऐतिहासिक इमारत है|

**प्रश्न-1 प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**क) कृष्णा को अनपढ़ होना क्यों खलता था ?**

उत्तर कृष्णा को अनपढ़ होना इसलिए खलता था क्योंकि बहुत मेहनत करने के बावजूद उनकी कमाई पूरी नहीं हो रही थी|

**ख) कृष्णा ने दिल्ली में अपना जीवन कैसे शुरू किया ?**

उत्तर कृष्णा ने अपने एक रिश्तेदार की मदद से नजफगढ़ में बटाई पर खेत ले लिया और उसी खेत में सब्जियाँ उगाकर फुटपाथ पर बेचने लगी|

**ग) अपना जीवन शुरू करने में कृष्णा को क्या-क्या दिक्कतें आई?**

उत्तर अपना जीवन शुरू करने में कृष्णा को बहुत दिक्कतें आई, सुबह अपने तीनों बच्चों को स्कूल भेजने के बाद वह खेतों में जाती थी, दोपहर में घर वापस आकर बच्चों को खाना खिलाकर सब्ज़ियाँ बेचने निकल जाती| जो सब्ज़ियाँ बच जाती थी तो वह उन्हें सुखाकर अचार बनाती थी| उस अचार को बेचने के लिए तथा ग्राहकों को मनाने के लिए अचार का सैंपल फ्री में भी देती थी|

**घ) कृष्णा ने कौन-कौन से पुरस्कार प्राप्त किए?**

उत्तर कृष्णा को 'चैंपियन किसान महिला' तथा 'नारी शक्ति अवार्ड' से सम्मानित किया गया|

## *पाठ्यपुस्तक कार्य*

**प्रश्न-2 सही वाक्य पर (√ ) तथा गलत वाक्य पर (×) का निशान लगाओ :-**

क) कृष्णा घर के साथ-साथ खेतों का काम भी सँभालती थी| (√ )

ख) कृष्णा ने दिल्ली आकर खेत ख़रीदे| (×)

ग) बची सब्ज़ी ख़राब होने से नुकसान होता था| (√ )

घ) प्रशिक्षण के बाद कृष्णा घर पर ही तमाम अचार बनाने लगी| (√ )

ड.) दस साल में माँग इतनी बढ़ गई कि घर भी छोटा पड़ने लगा| (√ )

**प्रश्न-3 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए :-**

**कमाई , स्वरोज़गार,**
**सरकारी, उम्र , मेज़**

क) कृष्णा की कम <u>उम्र</u> में शादी हो गई थी|

ख) बच्चे पास के सरकारी स्कूल में पढ़ने जाते थे|

ग) लागत के मुकाबले कोई ख़ास कमाई नहीं हो पाती थी|

घ) वह ग्रामीण महिलाओं को स्वरोज़गार की ट्रेनिंग भी देती थी|

ड.) वह खुद सड़क के किनारे एक मेज़ लगाकर अचार बेचने लगी|

**प्रश्न-4 सही उत्तर पर (√) का निशान लगाओ :-**

**क) कृष्णा का जन्म कहाँ हुआ था?**

1) दिल्ली 2) बनारस 3) बुलंदशहर (√) 4) आगरा

**ख) ससुराल में पूरा परिवार किस पर निर्भर था?**

1)खेती पर (√) 2) मजदूरी पर 3) व्यवसाय पर 4) नौकरी पर

**ग) कृष्णा ने ट्रेनिंग में क्या बनाना सीखा?**

1)अचार 2) जूस 3) जेली 4) ये सभी (√)

**घ) कृष्णा ने अपनी फैक्ट्री कहाँ खोली?**

1)बुलंदशहर में 2) गुडगाँव (√) 3) नजफ़गढ़ 4) दिल्ली

*** भाषा की दुनिया**

**प्रश्न-1 नीचे लिखे शब्दों में से वे शब्द अलग करके लिखो जो रंगीन शब्द की विशेषता बताते हैं :-**

क) पिता गरीब किसान थे| — गरीब

ख) ससुराल में मेहनतकश बहू की खूब तारीफ हो रही थी| — मेहनतकश

ग) पाँच -छह साल भटकने के बाद भी नौकरी नहीं मिली| — पाँच -छह

घ) एक छोटा -सा घर किराये पर ले लिया| — छोटा -सा

ड) वह रोज़ाना पाँच किलोग्राम अचार बनती थीं | — पाँच किलोग्राम

**प्रश्न-2 पढ़ो ,समझो और लिखो :-**

क) किसान - किसानों

ख) मजदूर - मजदूरों

ग) बच्चा - बच्चे

घ) उम्मीद -उम्मीदों

ड.) स्कूल - स्कूलों

च) महिला -महिलाओं

छ) सपना - सपनों

ज) रोज़गार - रोजगारों

**प्रश्न-3 नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ अक्षर - जाल में से खोजो :-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अ | व | स | र | र |
| नु | प | फ | घ | ल |
| सा | थ | ल | आ | य |
| र | ज | ता | स | ह |

क) मौका - अवसर

ख) संग - साथ

ग) आमदनी - आय

घ) कामयाबी - सफलता

ङ) मुताबिक - अनुसार

# व्याकरण

## विषय : भाषा ,लिपि और व्याकरण

**प्रश्न-1 सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

**क) भाषा कहते हैं-**

1) मन के भावों के आदान-प्रदान के साधन को **(√)**

2) मन के भावों को

3) मन के विचारों को

4) उपर्युक्त सभी को

**ख) भाषा के रूप हैं-**

1) मौखिक रूप

2) मौखिक और लिखित रूप **(√)**

3) मौखिक ,लिखित और सांकेतिक

4) बहुत सारे रूप

**ग) लिपि कहते हैं-**

1) प्रत्येक मौखिक ध्वनि के निर्धारित चिह्न को **(√)**

2) मौखिक भाषा को

3) इशारों को

4) किसी को भी नहीं

**घ) पंजाबी भाषा की लिपि हैं-**

1) देवनागरी

2) रोमन

3) गुरुमुखी **(√)**

4) फ़ारसी

**प्रश्न-2 भाषा से आप क्या समझते हैं -**

उत्तर जिस साधन द्वारा हम बोलकर या लिखकर अपने मन की बात दूसरों को समझा सकें तथा दूसरों की बात को सुनकर या पढ़कर समझ सकें, उसे भाषा कहते हैं|

**प्रश्न-3 लिपि किसे कहते हैं? किन्हीं दो भाषाओं की लिपियों के नाम लिखिए|**

मुख से निकलने वाली प्रत्येक ध्वनि के लिए निश्चित किए गए चिह्न को लिपि कहते हैं|
दो लिपियों के नाम हैं - देवनागरी और रोमन|

**प्रश्न-4 व्याकरण किसे कहते हैं?**

उत्तर किसी भी भाषा को शुद्ध बोलने, लिखने तथा पढ़ने के नियमों का ज्ञान करवाने वाले शास्त्र को व्याकरण कहते हैं|

**प्रश्न-5 निम्नलिखित कथनों में सही पर (√ ) तथा गलत कथन पर (×) का चिह्न लगाओ :-**

क) भाषा के तीन मुख्य रूप है| (×)

ख) इशारों में समझाए जाने वाले भाव भी भाषा कहलाते हैं| (×)

ग) संस्कृत व मराठी की लिपि देवनागरी है| (√)

घ) हिंदी हमारे देश की राष्ट्रभाषा है| (√)

ङ.) मुख से निकलने वाली प्रत्येक ध्वनि के लिए निश्चित किए गए चिह्न को लिपि कहते हैं|(√)

**प्रश्न-6 निम्नलिखित भाषाओं की लिपियों के नाम लिखिए :-**

क) हिंदी - देवनागरी

ख) मराठी - देवनागरी

ग) पंजाबी - गुरुमुखी

घ) अंग्रेजी - रोमन

ङ.) संस्कृत - देवनागरी

च) उर्दू - फ़ारसी

**प्रश्न-7 मौखिक व लिखित भाषा को व्यक्त करने के मुख्य तीन -तीन माध्यम लिखिए:-**

क) मौखिक - टेलीफोन, भाषण, टेलीविज़न, रेडियो

ख) लिखित - पत्रिकाएँ, पत्र, पुस्तकें, समाचारपत्र

# विषय : संज्ञा

**प्रश्न-1 सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

**क) संज्ञा कहते हैं-**

1) प्रत्येक शब्द को

2) किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को (√)

3) केवल दिखाई देने वाली वस्तुओं को

4) इनमें से किसी को भी नहीं

**ख) संज्ञा के भेद हैं-**

1) दो

2) तीन (√)

3) चार

4) पाँच

**ग) 'दया, बलिदान, चालाकी, ठगी' कैसे शब्द हैं?**

1) व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द

2) जातिवाचक संज्ञा शब्द

3) भाववाचक संज्ञा शब्द (√)

4) सामान्य शब्द

**घ) 'महेंद्र सिंह धोनी' संज्ञा शब्द है-**

1) व्यक्तिवाचक संज्ञा **(√)**

2) जातिवाचक संज्ञा

3) भाववाचक संज्ञा

4) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न-2 व्यक्तिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं? कोई दो उदाहरण लिखिए |**

उत्तर जिस संज्ञा शब्द से किसी विशेष व्यक्ति या स्थान के नाम का पता चले, वे व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द कहलाते हैं | उदाहरण: महात्मा गाँधी और चाचा नेहरू|

**प्रश्न-3 जातिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं? कोई दो उदाहरण लिखिए |**

जिन संज्ञा शब्दों से किसी जाति के या एक ही प्रकार के प्राणियों, वस्तुओं तथा स्थानों का परिचय मिले, वे सभी शब्द जातिवाचक संज्ञा कहलाते हैं| उदाहरण: पर्वत और नदियाँ|

**प्रश्न-4 भाववाचक संज्ञा किसे कहते हैं? कोई दो उदाहरण लिखिए |**

उत्तर जिन संज्ञा शब्दों से किसी व्यक्ति या पदार्थ के भाव, गुण, दोष या अवस्था का परिचय मिले, वे सभी शब्द भाववाचक संज्ञा कहलाते हैं| उदाहरण: मित्रता और क्रोध|

**प्रश्न-5 रिक्त स्थानों में कोष्ठक में दिए गए संज्ञा शब्दों में से उचित संज्ञा शब्द चुनकर भरिए -**

क) ताजमहल आगरा में स्थित है| ( कुतुबमीनार / ताजमहल )

ख) कमल तालाब में उगता है| ( कमल / गुलाब )

ग) गंगा नदी हिमालय से निकलती है | ( कावेरी / गंगा)

घ) आम में मिठास होती है| ( कड़वाहट / मिठास )

**प्रश्न-6 निम्नलिखित अनुच्छेद में से व्यक्तिवाचक, जातिवाचक तथा भाववाचक संज्ञाएँ चुनकर लिखिए :-**

अमीना ने छाती पीट ली| यह कैसा बेसमझ लड़का है कि दोपहर हुई, कुछ खाया न पिया| लाया क्या यह चिमटा| सारे मेले में तुझे और कोई चीज़ न मिली, जो यह लोहे का चिमटा उठा लाया |

**व्यक्तिवाचक** - अमीना

**जातिवाचक** - लड़का, चिमटा, मेले, लोहे, छाती

**भाववाचक** - --------

क्रियात्मक कार्य

अनुच्छेद लेखन

**मेरी प्रिय ऋतु : वर्षा ऋतु**

- **' मेरी प्रिय ऋतु' विषय पर 50 से 60 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :-**

भारत विभिन्न ऋतुओं का देश है| वसंत, गर्मी, वर्षा, सर्दी आकर भारतवासियों को अपने-अपने रंगों में रंग लेती है| वर्षा ऋतुओं की रानी है| कृषि प्रधान देश होने के कारण अधिकांश भारतीय वर्षा पर निर्भर रहते हैं|

गर्मियों में धरती तप जाती है| गर्म हवाएँ जीव-जंतुओं और मनुष्यों को बेहाल कर देती हैं| लोग पुकार उठते हैं-

**आओ, आओ वर्षा रानी,**
**धरती पर बरसाओ पानी|**

ग्रीष्म ऋतु के समाप्त होने पर आकाश काले-काले बादलों से घिर जाते हैं| बादलों से छमाछम पानी बरसने लगता है| लोगों की तपन मिट जाती है| सूखी नदियाँ, तालाब, कुएँ पानी से भर जाते हैं| सूखे वृक्षों पर हरियाली छा जाती है| वनों-उपवनों में उमंग छा जाती है| किसान खेतों में सिंचाई करते हैं| बच्चे-बूढ़े सभी इस मौसम में भीग कर आनंद उठाते हैं| मोर पंख फैलाकर नाचने लगते हैं| चारों ओर पानी ही पानी होता है, ठंडी हवा चलने लगती है| वर्षा सबके लिए सुख और समृद्धि का सन्देश लेकर आती है|

- अभ्यास हेतु : मेरे प्रिय अध्यापक, यदि मैं मानिटर होता

**विषय : अपठित गद्यांश**

*** गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

शाम होते ही सूर्य पश्चिम में अस्त हो जाता है| आकाश में लाल, पीले, सफ़ेद रंग बिखर जाते हैं| पक्षी अपने-अपने घोंसलें में विश्राम करने पहुँच जाते हैं| धीरे-धीरे रात का अँधेरा चारों ओर फैल जाता है| आकाश चाँद-तारों से सज जाता है| चारों ओर चाँदनी की छटा छा जाती है| प्रकृति का रंग-रूप बदल जाता है| ठंडी-ठंडी हवा चलने लगती हैं|

**क) शाम होने पर क्या होता था?**
उत्तर शाम होते ही सूर्य पश्चिम में अस्त हो जाता है|
**ख) आकाश में कौन-कौन से रंग बिखर जाते है?**
उत्तर आकाश में लाल, पीले, सफ़ेद रंग बिखर जाते हैं|
**ग) पक्षी विश्राम करने कहाँ पहुँच जाते हैं?**

उत्तर पक्षी अपने-अपने घोंसले में विश्राम करने पहुँच जाते हैं|

**घ) आकाश किस-किस से सज जाता है?**

उत्तर आकाश चाँद-तारों से सज जाता है|

**ड.) कैसी हवा चलने लगती है?**

उत्तर ठंडी-ठंडी हवा चलने लगती है|

**च) विलोम शब्द लिखिए-**

1) सुबह × शाम

2) पूर्व × पश्चिम

**छ)** गद्यांश में से कोई एक संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए|

उत्तर आकाश